卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 283 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(उधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦25 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## केजरीवाल को नहीं मिली राहत, आठ अगस्त तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत



नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। अब मामले में आठ अगस्त को सुनवाई होगी। तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केजरीवाल की पेशी हुई। सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल से ही गिरफ्तार किया था। सीएम केजरीवाल के अलावा पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता की भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेशी हुई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई और के.कविता की भी न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। इससे पहले 12 जुलाई को अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक बढ़ा दी थी, जिसकी जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है। केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया था। वह अपनी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामलों के सिलसिले में पेश हुए थे। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली उच्च न्यायालय ने 17 (शेष पृष्ठ सात पर)

## डेटलाइन खत्म होने के बाद भी अकादमी नहीं पहुंची विवादित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा

देहरादून (उद संवाददाता)।पीएससी में नियुक्ति को लेकर विवादों में आई ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर अभी तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन



अकादमी नहीं पहुंच सकी। उनको 23 जुलाई तक अकादमी पहुंचकर रिपोर्ट करना था। तय डेटलाइन खत्म होने के बाद भी वह अकादमी नहीं पहुंचीं। ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर गलत मेडिकल रिपोर्ट और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने और आरक्षण आदि कई आरोपों से घिरी हैं। आरोपों की जांच चल रही है। पूजा खेडकर को 23 जुलाई तक अकादमी में पहुंचना था, लेकिन वह अभी तक नहीं पहुंची हैं। सूत्रों के मुताबिक अकादमी नहीं पहुंचने पर अकादमी प्रशासन की ओर से ट्रेनी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने पर विचार किया जा रहा है।

## फैक्ट्री में कटर मशीन से युवक का हाथ कटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में कटर मशीन में काम करते युवक का हाथ कट गया । उसे उपचार के लिए नगर के एक निजी चिकित्सालय



में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम करूआ मैथी जिला बरेली निवासी 19 वर्षीय सूरज पुत्र छोटे लाल यहां अपने रिश्तेदार विजयपाल के साथ मौहल्ला आजादनगर ट्रांजिट कैम्प में किराये के कमरे में रहता है और सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में पिछले करीब एक माह से काम करता है। बताया जाता है कि फैक्ट्री में जब वह कटर मशीन में बैट्री की प्लेटों की कटिंग कर रहा था इसी दौरान उसका बायां हाथ मशीन की (शेष पृष्ठ सात पर)

## व्यापारियों को गुमराह कर रहे हैं शुक्ला: बेहड़

### व्यापार मण्डल चुनाव को लेकर किच्छा में धरना तीसरे दिन भी जारी

किच्छा(उद संवाददाता)। व्यापार मण्डल चुनाव को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच पूर्व मंत्री एवं विधायक तिलक राज बेहड़ और उनके समर्थकों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। दूसरी तरफ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला भी अपने समर्थकों के साथ धरने पर डटे रहे। धरना स्थल पर तीसरे दिन विधायक तिलकराज बेहड़ ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला पर हमला बोलते हुए कहा कि पूर्व विधायक ही नगर के व्यापारियों के हितों पर हमला



कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह तो कभी भी चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करना चाह रहे थे किंतु जिस प्रत्याशी को लेकर पूर्व विधायक आपा खो बैठे हैं उस प्रत्याशी को पूर्व में राजेश शुक्ला ही चुनाव लड़ा रहे थे। आखिर ऐसा कौन सा पहाड़ टूट गया है कि मेरे द्वारा मेरे समर्थन में उतरने के बाद वह प्रत्याशी आज व्यापारियों का हितैषी नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा हमेशा किच्छा क्षेत्र की जनता को गुमराह किया गया है तथा हर प्रकरण में गुमराह करते आ रहे हैं और अब व्यापारियों को भी गुमराह कर किच्छा क्षेत्र की व्यापारियों का नुकसान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यापारियों का प्रकरण था जिसको पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ही सड़कों पर लाए हैं। उन्होंने उप जिलाधिकारी पर भी हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान उप जिलाधिकारी पूर्व विधायक के चहेते हैं तथा उनके कहने पर ही व्यापार मंडल के चुनाव पर ग्रहण लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका तो एक (शेष पृष्ठ सात पर)

## मेट्रोपोलिस मॉल में व्यापारियों ने की तालाबंदी

### पुलिस से हुई नोंक झोंक,लिखित आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन स्थगित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर के एक व्यापारी द्वारा करीब 14 वर्ष पूर्व कराये जाने के बावजूद भी अभी तक दुकानें आवंटित न किये जाने के विरोध मेट्रोपोलिस मॉल के मेन गेट पर तालाबंदी कर दी। बाद में सुपर टेक के वाईस





मैट्रोपोलिस मॉल में दो दुकानों के लिए लाखों रूपये की अग्रिम धनराशि जमा में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में बेमियादी धरने के दूसरे दिन प्रेजीडेंट से वार्ता के बाद मॉल के मार्केटिंग हेड सुशील कुमार(शेष पृष्ठ सात पर)

## गदरपुर की समस्याओं पर सीएम ने दिया आश्वासन

देहरादून(उद संवाददाता)। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर गदरपुर तहसील को पूर्ण परगना बनाने की मांग की। साथ ही गदरपुर- दिनेशपुर-मटकोटा मार्ग को केंद्रीय सड़क अवस्थापना योजना द्वारा शीघ्र अतिशीघ्र बनवाने एवं गदरपुर विधानसभा की क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण की भी मांग की। जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने बताया कि गदरपुर तहसील को पूर्ण परगना किए जाने की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही थी है। गदरपुर तहसील को पूर्ण परगना बनाए जाने से गदरपुरवासी लाभान्वित होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि



गदरपुर-दिनेशपुर-मटकोटा मार्ग जो अत्यंत जर्जर हालत में है जिसकी वजह से लगातार वहां पर मार्ग दुर्घटनाएं हो रही हैं । जिसकी घोषणा पूर्व में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा भी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## श्री गुरु नानक शिक्षा समिति के नए सदस्य को लेकर हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

### डिप्टी रजिस्ट्रार के निर्णय पर हाईकोर्ट ने लगाई मोहर,श्री गुरूनानक शिक्षा समिति के नये सदस्यों को माना नियमानुसार

नैनीताल(उद संवाददाता)। श्री गुरूनानक शिक्षा समिति के नये सदस्यों पर डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा दिये गये निर्णय को सही मानते हुये माननीय उच्च न्यायालय ने इस पर अपनी मोहर लगा दी है। अब यह नये सदस्य आगामी 11 अगस्त 2024 को होने वाले श्री गुरू नानक शिक्षा समिति के चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। जानकारी के अनुसार श्री गुरू नानक शिक्षा समिति ने अपनी समिति का विस्तार करते हुये दिनांक 13 मई 2022 को 30 नये सदस्य बनाए गए जिनमें किरन दीप सिंह विर्क, सुरमुख सिंह विर्क,गुरदीप सिंह, नरिन्दर कौर,रजनी गाबा,परमजीत सिंह,संदीप चीमा,परविन्दर कौर,कुलजीत सिंह,लखवीर सिंह,हरजिन्दर कौर, राजिन्दर कौर,गुरूवचन सिंह, सुरेन्द्र कौर,बलजीत सिंह, प्रीत कौर,सतविन्दर पाल सिंह, दलजिन्दर कौर, जगजीत सिंह, मनजीत सिंह,श्रीमति परमिन्दर कौर, जसवीर सिंह, भूपेन्दर सिंह, श्रीमति दलजीत कौर,श्रीमति सुखजीत कौर, श्रीमति प्रभजोत कौर, गुरप्रीत सिंह संधू,देवेन्दर सिंह गिल शामिल थे। इससे पूर्व समिति में 120 सदस्य थे और नये सदस्यों को शामिल करते हुये समिति में 150 सदस्य हो गये। लेकिन डिप्टी रजिस्ट्रार ने इन नये सदस्यों को गलत मानते हुये इन्हे 18 जून 2022 को बाहर का रास्ता दिखा दिया। डिप्टी रजिस्ट्रार के इस निर्णय के खिलाफ



सदस्यों द्वारा उच्च न्यायालय में अपील की गई। उच्च न्यायालय में सदस्यों का कहना था कि डिप्टी रजिस्ट्रार ने उनका पक्ष सुने बगैर ही उनकी सदस्यता को रद्द कर दिया गया हैं, जो अनुचित और नियम विरूद्ध है। श्री गुरू नानक शिक्षा समिति के अधिवक्ता विपुल शर्मा द्वारा भी उच्च न्यायालय को बताया गया कि समिति के बायलॉज के अनुसार ही सभी सदस्यों द्वारा अपना आवेदन किया गया था और वह बायलॉज के सभी मानको को पूरा करते है। उनकी सदस्यता बायलॉज के अनुसार वैध है। उच्च न्यायालय द्वारा अधिवक्ता श्री शर्मा द्वारा रखे गए तथ्यों को सही माना और डिप्टी रजिस्ट्रार को सदस्यों का पक्ष सुनने के बाद ही अपना निर्णय दिये जाने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय के आदेश पर डिप्टी रजिस्ट्रार ने सदस्यों का पक्ष सुनते हुये उनके द्वारा दाखिल किये गये सदस्यता सम्बंधी सभी कागजातों का बारीकी से निरीक्षण के पश्चात उनकी सदस्यता को सही माना और 12 जुलाई 2024 को अपना आदेश देते हुये सभी नये 30 सदस्यों की सदस्यता बहाल कर दी। मगर डिप्टी रजिस्ट्रार के इस निर्णय के खिलाफ श्री गुरूनानक शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष जगतार सिंह और सदस्य श्रवण सिंह ने इन 30 सदस्यों में से 22 सदस्यों की सदस्यता को अवैध बताते हुये उच्च न्यायालय में रिट दाखिल कर दी। इनका कहना था कि समिति के बायलॉज 5(जी) में स्पष्ट लिखा है कि एजेण्डा सर्कुलेट करने से पूर्व जो आवेदन प्राप्त होंगे उन पर ही अगली बैठक में विचार किया जायेगा। नये सदस्यों को लेकर 6 मई 2022 को एजेण्डा सर्कुलेट करते हुये आगामी बैठक 13 मई 2022 को होना निर्धारित किया गया था। एजेण्डा सर्कुलेट करने तक यानि 6 मई (शेष पृष्ठ सात पर)

# केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव की सुगबुहाट तेज

## मुख्यमंत्री धामी के केदारनाथ पहुंचने से गरमाया माहौल,कांग्रेस और भाजपा में फिर शुरू हुआ सियासी संग्राम





देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड की भाजपा विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद रिक्त केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपुचनाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है। वहीं इसी माह सम्पन्न हुए दो विधानसभा सीटों पर जीत के बाद कांग्रेस ने केदारनाथ बचाओ यात्रा से एक बार फिर प्रदेश में सियासी माहौल भी गरमा दिया है। वहीं कांग्रेस की सक्रियता के बाद अब भाजपा ने भी मोचेबंदी शुरू कर दी है। गुरूवार को खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी केदारनाथ धाम पहुंचकर स्थानी तीर्थ पुरोहितों से मुलाकत की है। वहीं दूसरी तरफ केदारनाथ धाम के नाम पर सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। पहले केदारनाथ धाम के नाम पर दिल्ली में दिर बनाने और फिर शंकराचार्य के बयान को लेकर कांग्रेस लगातार सरकार और मंदिर समिति के खिलाफ हमलावर हो रही है। जबकि बढ़ते विवादों के बीच मुख्यमंत्री ने प्रदेश के चारधामों के नाम का दुरुपयोग करने के खिलाफ कानून बनाने के के एलान के बावजूद केदारनाथ पर सियासी घमासान जारी है। हांलाकि सीएम के फैसले का सभी वर्गो ने खुला स्वागत भी किया है। कांग्रेस ने बुधवार को हरिद्वार से केदारनाथ की प्रतिष्ठा की रक्षा के नाम पर पद यात्रा शुरू कर दी। इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अचानक केदारनाथ पहुंच कर बाबा केदार के दर्शन किए और वहां चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया। वहीं सीएम की केदारनाथ यात्रा को उपचुनाव से पूर्व इसे कांग्रेस के सियासी आरोपों पर पलटवार की रणनीति के तौर पर देख रहे हैं। हांलाकि कांग्रेस और भाजपा नेताओं की केदारनाथ को लेकर की जा रही सियासी कसरत केदारनाथ सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर है, जो भाजपा विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद खाली हो चुकी है। गौरतलब है कि हिंदुओं की आस्था के पवित्र धाम बदरीनाथ की सीट पर उपचुनाव जीतने के बाद प्रदेश कांग्रेस खासी उत्साहित है। अब पार्टी ने केदारनाथ उपचुनाव के लिए ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। बदरीनाथ उपचुनाव में भाजपा के खिलाफ उठी हवाओं को वह केदारनाथ तक बहाना चाहती है। कांग्रेस नेताओं द्वारा हरिद्वार से शुरू की गई केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा दरअसल उसकी इसी चुनावी रणनीति का हिस्सा है। कांग्रेसी पैदल यात्रा कर चार अगस्त को केदारनाथ पहुंचेंगे। इस बीच जहां-जहां यात्रा गुजरेगी, वहां-वहां सभाएं होंगी। कांग्रेस के मंसूबों को भाजपा भांप चुकी है। मुख्यमंत्री का केदारनाथ जाकर पूजा-पाठ करना, एक दिन पहले तीर्थ पुरोहितों के साथ उनकी वार्ता और धाम से लौट कर उनका कांग्रेस पर हमला बोलना सियासी रणनीति का हिस्सा है। आने वाले दिनों में केदारनाथ पर सियासी संग्राम और तेज होने के पूरे आसार हैं।

## चुनाव आयोग को भेजा केदारनाथ विस सीट पर उपचुनाव का प्रस्ताव

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद खाली हुई केदारनाथ विधानसभा पर उपचुनाव का प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेज दिया है। अब चुनाव आयोग ही उपचुनाव की तिथियों का एलान करेगा। केदारनाथ से भाजपा विधायक शैलारानी रावत का नौ जुलाई को निधन हो गया है। उनके निधन के बाद केदारनाथ विधानसभा सीट खाली हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि सीट रिक्त होने के संबंध में पत्र केंद्रीय चुनाव आयोग को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि रिक्त सीटों पर उपचुनाव की अधिसूचना चुनाव आयोग ही जारी करता है। आयोग से अभी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं आई है। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग यूपी में होने वाले उपचुनावों के साथ ही उत्तराखंड की इस सीट पर भी उपचुनाव करा सकता है। गौरतलब है कि हाल में चुनाव आयोग ने बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा का उपचुनाव संपन्न कराया है।

# केदारनाथ धाम हमारी सनातनी परंपरा की पहचान : माहरा

## देवभूमि की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे सरकार : हरीश रावत

देहरादून। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की तर्ज पर उत्तराखंड कांग्रेस ने बुधवार से केदारनाथ धाम बचाओ यात्रा की शुरुआत कर दी है। कांग्रेस के लिए ये यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। हरिद्वार में हरकी पैड़ी से केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा शुरू की गई। केदारनाथ बचाओ यात्रा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा समेत कांग्रेस के कई दिग्गज नेता शामिल हैं. इस दौरान माहरा ने आम जनमानस से भी यात्रा में जुड़ने का आह्वान किया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा हरिद्वार से केदारनाथ तक की यह पवित्र यात्रा केवल एक यात्रा नहीं है। यह हमारे पूज्य केदारनाथ ज्योतिर्लिंग की पवित्रता और अखंडता की रक्षा के लिए एक आंदोलन है। इसके साथ ही उत्तराखंड के लोगों के आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक अधिकार भी। माहरा ने आम जनमानस से यात्रा में जुड़ने का आह्वान किया है। करन माहरा ने कहा कि केदारनाथ मंदिर से 223 किलो सोने की चोरी हुई है. स्पष्ट आरोपों और पुख्ता सबूतों के बावजूद केदारनाथ मंदिर से 223 किलो सोने की चोरी की जांच नहीं की गई है. इसके अलावा पीएम मोदी द्वारा केदारनाथ ज्योतिर्लिंग के गर्भगृह के अंदर फोटो खिंचवाकर सदियों पुरानी परंपराओं का उल्लंघन किया है। माहरा ने कहा कृष्णा माई गुफा का नाम बदलकर भाजपा सरकार ने मोदी गुफा कर दिया है. दिल्ली में केदारनाथ मंदिर का शिलान्यास और निर्माण से पवित्रता से समझौता किया गया है। हमारे पवित्र स्थानों का व्यावसायीकरण और राजनीतिकरण करने, संसाधनों को उत्तराखंड से दूर करने का एक और प्रयास है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि बाबा केदार के नाम पर जो पाप भाजपा सरकार ने किया है, उस पर केवल कानून बनाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि सरकार को देवभूमि की जनता और बाबा केदार से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। बुधवार को हरकी पैड़ी से केदारनाथ धाम तक केदारनाथ



मंदिर को लेकर कांग्रेस की ओर से शुरू की गई केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा पद रक्षायात्रा पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ तो धर्म की राजनीति करती है, दूसरी तरफ केदारनाथ धाम की छवि को धूमिल करने का काम कर रही है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि पद यात्रा के माध्यम से देश और प्रदेश की जनता को बताया जाएगा कि जो सामाजिक समरसता की बात करते हैं, उनकी कथनी और करनी में कितना फर्क है। यात्रा गढ़वाल के अलग-अलग क्षेत्रों से होकर केदारनाथ में समाप्त होगी। इससे पूर्व हरकी पैड़ी पर कांग्रेस नेताओं ने गंगा माता का विधिवत पूजन किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व विधायक रणजीत रावत, उपनेता भुवन कापड़ी, विधायक वीरेंद्र जाती, ममता राकेश, फुरकान अहमद, अनुपमा रावत, रवि बहादुर, मनोज तिवारी, लखपत बुटोला, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर, पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, वरूण बालियान, निवर्तमान पार्षद राजीव भार्गव, कैलाश भट्ट आदि मौजूद रहे।

## चुनावी हिंदुओं को बखूबी पहचानती है देवभूमि की जनता : महेंद्र भट्ट

देहरादून। केदारनाथ पर कांग्रेस ने प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा शुरू की तो जवाब में भाजपा ने पूर्व कांग्रेस सरकार में हिटो केदार और एल्बम विवाद को फिर से हवा दे दी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस की यात्रा को लेकर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि हिटो केदार और एल्बम के नाम पर लूटने वाले केदार धाम बचाने का ड्रामा कर रहे हैं। पहले उन्हें अपनी सरकार में धाम के नाम पर करोड़ों के भ्रष्टाचार का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस की यात्रा को केदारनाथ उपचुनाव में लाभ लेने की कोशिश करार दिया। भट्ट ने कहा कि देवभूमि की जनता ऐसे चुनावी हिंदुओं को बखूबी पहचानती है। सनातन के विषय पर बोलने का कांग्रेसियों को कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उनकी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और तत्कालीन मंदिर समिति अध्यक्ष को बाबा केदार के गर्भ गृह में जूतों के साथ प्रवेश करने का पाप करते सबने देखा है। जब आपदा के बाद समूची केदार घाटी में दुखों का पहाड़ टूटा था तब पूर्व सीएम वहां कैलाश खेर से एल्बम बनाने एवं संगीत उत्सव मनाने में पैसे लुटा रहे थे। यात्रा को गैर राजनीतिक बताने के कांग्रेसी बयान पर भी उन्होंने कटाक्ष किया कि किसी राजनैतिक पार्टी की यात्रा या अभियान गैर राजनीतिक कैसे हो सकता है? कांग्रेस को यह गलतफहमी कैसे हो गई कि वे दुनिया को बचाने वाले भगवान भोलेनाथ को बचाने का दावा कर रहे हैं। उन्हें यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि इस यात्रा का असल मकसद क्या है? कहा कि उत्तराखंड में निकाली गई पिछली सभी यात्राओं की तरह यह यात्रा भी पूरी तरह फ्लॉप होने वाली है।



# मुख्य सचिव ने मांगी मलिन बस्तियों की रिपोर्ट

## विनियमितीकरण और पुनर्वास की कार्य योजना पर काम किया जाएगा

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने स्लम फ्री उत्तराखंड के विजन के तहत मलिन बस्तियों के चिन्हीकरण की रिपोर्ट 15 दिनों में शासन को भेजने का आदेश दिया है। इसके साथ ही जिलाधिकारियों से नगर निगमों के सफाई कर्मचारियों और निर्माण स्थलों पर काम कर रहे प्रवासी श्रमिकों की आवासीय व्यवस्था की रिपोर्ट भी तलब की है। यह निर्देश सचिवालय में बुधवार को शहरी विकास की राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में जारी किए गए। इस दौरान मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्लम फ्री उत्तराखंड विजन के साथ कार्य करने की नसीहत दी। जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी 15 दिनों के भीतर जनपदों में मलिन बस्तियों का श्रेणीवार चिन्हीकरण करके उनकी सूची शासन को प्राथमिकता के आधार पर भेज दी जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि सूची मिलने के बाद राज्य की मलिन बस्तियों में निवास कर रहे परिवारों के जीवन स्तर में सुधार, बस्तियों के



विनियमितीकरण और पुनर्वास की कार्य योजना पर काम किया जाएगा। मुख्य सचिव ने मलिन बस्तियों के सुधार हेतु विभिन्न राज्यों के मॉडल पर किए गए अध्ययन की प्रगति रिपोर्ट भी तलब की। मुख्य सचिव ने जनपद टिहरी, रूद्रप्रयाग, चमोली, पौड़ी उधम सिंह नगर और चंपावत के जिलाधिकारियों से जल्द से जल्द मलिन बस्तियों की वांछित सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे एक व्यापक कार्ययोजना तैयार करके प्रभावितों को प्रधानमंत्री आवास योजना या राज्य में प्रचलित अन्य उपयोगी व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देकर लोगों का पुनर्वासन किया जा सके। बैठक में प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुधांशु, सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, नितेश कुमार झा सहित अन्य अधिकारी व वर्चुअल माध्यम से आयुक्त गढ़वाल और कुमाऊं के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# हरिद्वार से गंगाजल भरकर रवाना हुए 12.30 लाख कांवड़िये

हरिद्वार। पंचक के बीच भी कांवड़ यात्रा दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बुधवार को भी बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री रुड़की होते हुए हरिद्वार पहुंच रहे हैं। बम बम भोले के जयघोषों के साथ झूमते-गाते कांवड़ यात्रियों को देख शहर का माहौल भी शिवमय हो गया। धर्मनगरी में तीसरे दिन छह लाख कांवड़ यात्रियों ने गंगाजल भरा और अपने गंतव्यों की तरफ रवाना हो गए। अब तक तीन दिन के अंदर 12 लाख 40 हजार कांवड़ यात्री गंगाजल भरकर रवाना हो चुके हैं। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के मुताबिक, लगातार कांवड़ यात्री हरिद्वार पहुंच रहे हैं। पहले दिन 2.40 लाख और दूसरे दिन चार लाख कांवड़िए पहुंचे थे। अब तीसरे दिन बुधवार को छह लाख कांवड़ यात्री हरिद्वार से गंगाजल भरकर रवाना हुए हैं। कुल



12.30 लाख कांवड़ यात्री गंगाजल भरकर रवाना हो चुके हैं। बुधवार को जिले में 29,911 छोटे-बड़े वाहनों ने प्रवेश किया है। अलग-अलग गंगा घाटों से गंगा में डूबने से छह कांवड़ यात्रियों को एसडीआरएफ व जल पुलिस की टीम ने बचाया है। बुधवार को भी हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री रुड़की होते हुए गए। शहर और इसके आसपास कई संस्थाओं की ओर से शिविर लगाए गए हैं। वहां भंडारे आदि की उचित व्यवस्था की गई है। साथ ही कई संस्थाएं फलों का भी वितरण कर रही हैं। जगह-जगह पर डीजे लगाकर यात्रियों के लिए भजन और आराम करने के लिए टेंट की भी व्यवस्था की गई है। शहर और हाईवे से गुजर रहे कांवड़ यात्री एक दूसरे की मदद कर भाईचारे का संदेश दे रहे हैं।

# किच्छा महाविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम की श्रृंखला आयोजित

किच्छा (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय किच्छा में बी ए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सत्र 2024-2025 में बी ए प्रथम सेमेस्टर में अब तक 95 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। प्राचार्य डॉ. राजीव रतन ने कहा कि नए सत्र में महाविद्यालय की प्राथमिकता अनुशासन और उपस्थिति के मानक को हर हाल में पूरा करना है। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि कुमाऊ विश्वविद्यालय प्रवेश नियामावली, एन ई पी के सन्दर्भ में जारी अध्यादेश के अनुसार विद्यार्थी को विद्यार्थी आचार संहिता, प्रवेश अध्यादेश के बिन्दुओं को समझते हुए सेमेस्टर प्रणाली के अनुसार ही स्नातक परीक्षा पास करनी होगी। दो सत्र पास करने वाले विद्यार्थी को सर्टिफिकेट. चार सत्र पूरा करने वाले विद्यार्थी को डिप्लोमा तथा छह सेमेस्टर में प्रवेश काउंसिलिंग के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई कर दी गयी है। विद्यार्थियों को बताया कि तीन वर्षीय पुराने प्रोन्नत किया जायेगा जब वह अध्यादेश में दिए गए मानकों के अनुसार क्रेडिट प्राप्त कर चुका हो। सोबन सिंह जीना विद्यार्थियों से कहा कि अकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की आई डी बनाएं उसके बिना क्रेडिट ट्रान्सफर नहीं हो सकेंगे। आई



सेमेस्टर पूर्ण करने वाले विद्यार्थी को स्नातक की डिग्री प्रदान की जाएगी। ओरिएंटेशन कार्यक्रम तथा प्रवेश संयोजक प्रकाश चंद भट्ट ने बताया कि स्नातक प्रथम स्नातक पाठ्यक्रम से एन ई पी पर आधारित छह सेमेस्टर वाला स्नातक पाठ्यक्रम पुर्णतः भिन्न है। पहले, तीसरे तथा पांचवें सेमेस्टर में विद्यार्थी को तभी विश्वविद्यालय के चम्पावत कैंपस से महाविद्यालय में कार्ययोजित प्रोफेसर शेराज मोहम्मद का महाविद्यालय का स्वागत किया गया। प्रोफेसर शेराज ने डी बनाना अनिवार्यता है। एंटी रेगिंग तथा देवभूमि उद्यमिता योजना के को नोडल नरेश कुमार ने बताया की नए सत्र में उद्यमिता कार्यक्रम का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। विद्यार्थियों को उद्यमिता के सेक्टर को पहचानना है, उसमें प्रयोग करने है। एंटी रैगिंग के सम्बन्ध में कहा की विद्यार्थी का मानसिक, शारीरिक शोषण किसी स्तर में सहन नहीं किया जाएगा। विद्यार्थी एंटी रेगिंग ऑनलाइन फार्म तो भरे ही एंटी रेगिंग के बारे में विस्तार से समझ ले। रेगिंग की शिकायत कॉलेज समिति के पास तथा ऑनलाइन नंबर पर की जा सकती है। डॉ. उमराव सिंह ने कहा कि युवा संसद का गठन उच्च शिक्षा विभाग की सराहनीय पहल है। विद्यार्थी तार्किक और आलोचनात्मक तरीके से अपनी बात कह सकेंगे। लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा हो सकेगी। डॉ किरण बला ने नशा मुक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया। कार्यक्रम में नव प्रवेश 45 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।






## रेलवे विस्तार के लिए सुप्रीम कोर्ट का निर्देश स्वागत योग्यः सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रेलवे भूमि प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देश का स्वागत करते हुए विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि हम सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हैं। न्यायालय ने भारत सरकार, राज्य सरकार और रेलवे को 11 सितंबर 2024 तक पूरा प्लान बनाने के निर्देश दिया है। इसमें उच्चतम न्यायालय ने मानवीय दृष्टिकोण देखते हुए कहा कि अगर रेलवे को विस्तार के लिए भूमि चाहिए तो कितनी भूमि चाहिए और इससे कितने लोग प्रभावित होंगे, इसका विवरण दें। साथ ही मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए यह भी कहा की केन्द्र और राज्य सरकार प्रभावित लोगों के पुनर्वास की क्या व्यवस्था करेंगी, इसका भी विवरण उच्चतम न्यायालय में 11 सितंबर 2024 को प्रस्तुत करें।


गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध

- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।

-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015










# सितारगंज में 'कूड़े के ढेर' से अब पालिका में लगेगा आमदनी का ढेर

## 15 हजार मीट्रिक टन कूड़े से आय की ईओ नौशाद ने बनाई योजना

**हनीफ बाबा**

सितारगंज (उद संवाददाता)। नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले ट्रांचिंग ग्राउंड में इस वक्त करीब 15 हजार मीट्रिक टन कूड़े का ढेर लगा हुआ है। जो लंबे समय से कूड़ा घर में जमा किया जा रहा है। इस कूड़े में प्लास्टिक, शीशा, नगर पालिका प्रशासन ने कई वर्ष पूर्व ट्रांचिंग ग्राउंड का निर्माण किया था। इसके बाद शहरी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से उठाया गया कूड़ा लंबे अरसे से कूड़ा घर में डंप किया जा रहा है। इस वजह से कूड़ा घर में कूड़े का पहाड़ बन गया है। वर्तमान में करीब 15 हजार मीट्रिक टन ग्राउंड में जुलाई को कूड़ा निस्तारण के लिए टेंडर निकाले थे। लेकिन इच्छुक फर्म नगर पालिका प्रशासन के बिंदुओं पर सटीक नहीं बैठी है। जिस वजह से कूड़ा निस्तारण के टेंडर दोबारा निकाले जा रहे हैं। नगर पालिका ईओ नौशाद हसीन ने बताया कि टेंडर के बाद जो भी फर्म कूड़ा



लोहा, पॉलिथीन का मिश्रण है। जिसे देखते हुए पालिका ईओ नौशाद हसीन ने कूड़े का निस्तारण करने के साथ ही पालिका की आय बढ़ाने की पहल शुरू कर दी है। इससे कूड़े का ढेर खत्म होने के साथ ही पालिका का खजाना भी बड़ेगा। शहर से सटे सिडकुल रोड पर जमा है। जमा कूड़े से पर्यावरण संतुलन न बिगड़े इसलिए नगर पालिका प्रशासन लगातार जरूरमंद दवाइयां का छिड़काव भी कर रहा है। मार्च माह में चार्ज लेने के बाद नगर पालिका ईओ नौशाद हसीन ने कूड़े के ढेर से पालिका की आय बढ़ाने की कसरत शुरू कर दी है। उन्होंने 15 निस्तारण करेगी। इस तरह की फर्म खुद की मशीनरी भी शिफ्ट करेगी। उन्होंने बताया कि कूड़े में प्लास्टिक, पॉलिथीन, कांच, लोहा निकलता है। जिन्हें रिसाईकिलंग (पुनर्चक्रण) किया जाएगा। प्लास्टिक से दाना उत्पादन किया जाएगा। इससे नगर पालिका की आय बढ़ेगी।

## शिक्षा अधिकार अधिनियम में दाखिला लेने वाले बच्चों के दस्तावेजों की जांच की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दूधियानगर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मनीष बावा ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर शिक्षा का अधिकार 2009 के अंतर्गत बच्चों के द्वारा आवेदन के समय विभाग में जमा किए गए सभी जन्म प्रमाण पत्रों की जांच की मांग की है। ज्ञापन में मनीष ने कहा है कि दूधिया नगर स्थित शिव सर्च इंटर कॉलेजके प्रबंधक द्वारा स्वंम बच्चों के फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर बच्चों को आरटीई में दाखिला दिया जा रहा है जिसकी जांच हेतु एक शिकायती पत्र जांच पूर्व में विभाग को दिया गया था लेकिन दिए गए शिकायती पत्र पर एक वर्ष बाद भी कार्यवाही नहीं की गई जिससे स्कूल प्रबंधक के हौसले बुलन्द हैं। अब स्कूल प्रबंधक द्वारा पुनः फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर शिक्षा का अधिकार अधिनियम का दुरूपयोग किया जा रहा है। ज्ञापन में शिव सर्च इंटर कॉलेज के साथ ही बीडीएम इंटरनेशनल स्कूल, शान्ति कॉलोनी भदईपुरा में शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत हुए एडमिशन में लगे दस्तावेजों की जांच एवं स्कूल प्रबंधक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## प्रदेश में चार पीसीएस अधिकारियों के ट्रांसफर

देहरादून। बुधवार को प्रदेश में चार पीसीएस अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए हैं। शासन ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। अल्मोड़ा में तैनात पीसीएस श्रीमती खुशबू आर्या को अब डिप्टी कलेक्टर पिथौरागढ़ बना दिया गया है। जबकि नैनीताल में तैनात पीसीएस संजय कुमार को अल्मोड़ा में तैनाती मिली है। श्रीमती नितेश डागर पीसीएस ऊधमसिंहनगर को डिप्टी कलेक्टर चमोली और श्रीमती रेखा पीसीएस हरिद्वार को डिप्टी कलेक्टर पौड़ी स्थानांतरण किया गया है।

# उत्तराखंड को रेल परियोजनाओं के लिए बजट में 5 हजार 131 करोड़ का आवंटन

## केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल प्रेस वार्ता में दी रेलवे बजट की जानकारी

देहरादून/नई दिल्ली( उद संवाददाता)। केंद्रीय रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्यौगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने गुरूवार को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी देहरादून) में आयोजित वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उत्तराखण्ड के पत्रकारों को रेलवे बजट के संदर्भ में संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार रेलवे को रिकॉर्ड 2 लाख 62 हजार रुपए का बजट में आवंटन किया गया है। केंद्रीय रेल मंत्री ने इस आवंटन के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार जताया। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि रिकार्ड बजट आवंटन का लाभ उत्तराखण्ड को भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड को 2024-25 के बजट में विभिन्न रेल परियोजनाओं के लिए बजट में 5 हजार 131 करोड़ रुपए का आवंटन हुआ है। इस बजट से उत्तराखण्ड में रेल नेटवर्क को सुदृढ़ किया जाएगा। श्री अश्विनी वैष्णव ने चार धाम ऋषिकेश -कर्णप्रयाग रेल परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना में 213 किमी की सुरंगें हैं, जिसमें अभी 171 किमी का कार्य पूरा हो चुका है और बाकी का कार्य तेज गति से चल रहा है। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना में सुरंगें बनाने के लिए जिन दो टीबीएम यानी टनल बोरिंग मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है उनका नाम 'शिव' और 'शक्ति' रखा गया है। श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हिमालय के पहाड़ क्योंकि अभी युवा हैं, इसलिए इसमें अधिकतम मिट्टी पाई जाती है, जो सुरंग बनाने में मुश्किल पैदा करती है। इसलिए सुरंग बनाने के लिए हिमालयन टनलिंग मेथ्ड यानी एचटीएम को इजाद किया गया है, जिससे हिमालय के युवा वलित पहाड़ों के भीतर सुरंग बनाई जा सकती है। एचटीएम के माध्यम से संतुलित टनल बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में 2014 से 2024 तक 69 किमी के नए रेल ट्रैक बिछे हैं। साथ ही इसी अवधि में 303 किमी की रेल लाइनों को इलेक्ट्रीफाइड किया गया है। 2009-14 के बीच ये आंकड़ा 0 का था। आज प्रदेश की हर रेलवे लाइन बिजलीयुक्त है। इसके अलावा राज्य में 70 रेल ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण हो चुका है। श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उत्तराखण्ड में 216 किमी की 03 रेल परियोजनाओं (रेलवे ट्रैक) का काम चल रहा है, जिसकी लागत 25,941 करोड़ है। इसके साथ ही देहरादून, हरिद्वार जंक्शन, हर्रावाला, काशीपुर जंक्शन, काठगोदाम, किच्छा, कोटद्वार, लाल कुआं जंक्शन, रामनगर, रुड़की और टनकपुर सहित 11 स्टेशनों को अमृत स्टेशनों के रूप में विकसित किया जाएगा।



# दिव्यांग मोटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी दिग्विजय ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में दिव्यांग मोटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी दिग्विजय सिंह ने भेंट की। उनके द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सफलता अर्जित की गई। दिग्विजय सिंह द्वारा बताया गया कि अभी तक चार विश्व रिकॉर्ड और दो इंडिया रिकॉर्ड अपने नाम किए गए हैं। उन्होंने वर्ष 2022 में भारत से नेपाल तक की 2609 किलोमीटर की यात्रा रेट्रोफिटेड स्कूटर द्वारा तय की गई। वहीं वर्ष 2021 में दिल्ली से मुंबई और मुंबई से दिल्ली तक की 3500 किलोमीटर तक की यात्रा कर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। वहीं उन्होंने एथलेटिक्स में भी कई मेडल जीते हैं।राज्यपाल ने दिग्विजय सिंह की उपलब्धियों पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अन्य दिव्यांगजों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा व्यक्ति शारीरिक रूप से दिव्यांग हो सकता है लेकिन मानसिक रूप से प्रबल है तो किसी भी लक्ष्य को पाने में सक्षम हो सकता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी मुकाम को हासिल कर सकता है, उसे अपनी क्षमता पर विश्वास होना जरूरी है।



# सीएम ने एससीईआरटी उत्तराखण्ड के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

## प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में सीएसआर के सहयोग से स्थापित 442 स्मार्ट क्लास रूम का भी शुभारंभ किया

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने ननूरखेड़ा, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, (एस.सी.ई.आर.टी) उत्तराखण्ड के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में सी.एस.आर. के सहयोग से स्थापित 442 स्मार्ट क्लास रूम का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पं० दीन दयाल उपाध्याय राज्य शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार के तहत उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा संचालित वर्ष 2023 एवं 2024 हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले तीन-तीन स्कूलों, हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एससीईआरटी भवन का निर्माण कार्य 02 साल में पूर्ण करने का शिक्षा विभाग को लक्ष्य दिया गया था। विभाग द्वारा निर्धारित समयावधि में 29 करोड़ 25 लाख की धनराशि से भव्य भवन का निर्माण किया गया है। एससीईआरटी भवन बनने से शैक्षिक विकास, शिक्षक प्रशिक्षण, शैक्षिक अनुसंधान तथा राज्य के शिक्षा के तंत्र का सम्पूर्ण विकास किये जाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सीएसआर के अंतर्गत बनी 442 स्मार्ट क्लास के शुरू होने से सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन की व्यवस्था में अधिक गुणवत्ता आएगी। राज्य सरकार राज्य के 840 विद्यालयों में हाईब्रिड मोड में वर्चुअल एवं स्मार्ट क्लास की स्थापना पर भी कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन, समर्पण के बल पर उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं। ये पुरस्कार विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को आगे भी इसी मनोयोग से प्रयास करने के लिए प्रेरित करेंगे और अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायक होंगे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक श्री उमेश शर्मा काऊ, निदेशक एससीईआरटी श्रीमती वन्दना गर्ब्याल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा श्री महावीर सिंह बिष्ट, निदेशक प्राथमिक शिक्षा श्री रामकृष्ण उनियाल एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# कुमाऊं में सभी स्ट्रीट लाइटों का हो नियमित निरीक्षण: दीपक रावत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।मण्डल आयुक्त दीपक रावत ने कुमाऊं के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह नगर निकायों में लगाई गई स्ट्रीट लाईटों के निरीक्षण हेतु नगर निकाय कार्मिकों को दायित्व सौंपे। नगर निकायों में लगातार स्ट्रीट लाईटें खराब होने की शिकायत प्राप्त होने पर आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि नगर निकाय के कार्मिक उन्ही स्ट्रीट लाईटों को ठीक करने की कार्यवाही करते है जिन स्ट्रीट लाईटों में खराब होने की शिकायत प्राप्त होती है। उन्होंने कहा नगर निकाय में काफी खराब स्ट्रीट लाईटों को नही देखा जाता है जिनकी शिकायत नही आती है। उन्होंने कहा नगर निकाय का यह दायित्व है कि अपने क्षेत्र के अन्तर्गत जितनी भी स्ट्रीट लाईटें हैं प्रत्येक स्ट्रीट लाईट का नियमित चौकिंग कर खराब स्ट्रीट लाईटों को समय से ठीक करना सुनिश्चित करें। आयुक्त श्री रावत ने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों को आदेशित किया है कि जनपदों में अपने स्तर से प्रत्येक नगर निकाय को आदेशित कर नगर निकायों में लगाई गई स्ट्रीट लाईटों के निरीक्षण हेतु नगर निकाय कार्मिकों को दायित्व सौपें, और प्रतिदिन प्रत्येक स्ट्रीट लाईट का निरीक्षण कर खराब स्ट्रीट लाईट को ठीक करना सुनिश्चित करें तथा स्ट्रीट लाईट के नियमित चैकिंग हेतु समीक्षा भी करना सुनिश्चित करें।

# 'प्रोजेक्ट यूपीएससी' के बारे में राज्यपाल को दी जानकारी

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में पावन चिंतन धारा आश्रम के अध्यक्ष प्रो. पवन सिन्हा 'गुरूजी' ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने पावन चिंतन धारा के तहत लांच किए गए कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट यूपीएससी' के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पावन चिंतन धारा आश्रम के सहयोग से जल्द ही उत्तराखंड में प्रोजेक्ट यूपीएससी की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी यह प्रोजेक्ट सिक्किम राज्य में चल रहा है। इस प्रोजेक्ट की समन्वयक सुरभी शर्मा ने बताया कि आश्रम द्वारा सिविल सेवाओं में तैयारी करने वाले बच्चों के लिए इस प्रोजेक्ट को लांच किया है। ऐसे बच्चे जो सिविल सेवाओं में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं लेकिन पारिवारिक, आर्थिक या अन्य परिस्थितियों से सिविल सेवाओं की तैयारी नही कर पाते उन्हें आश्रम द्वारा इस प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि ऐसे बच्चों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह की कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। आश्रम में विशेषज्ञ अध्यापकों सहित पूर्व सिविल सेवकों द्वारा बच्चों को टिप्स दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट की विशेषता है कि इसमें समय प्रबंधन से लेकर दैनिक जीवनचर्या के प्रबंधन और बच्चों के व्यक्तित्व विकास को निखारने पर जोर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जल्द एक परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें संस्था द्वारा बच्चों को परामर्श के माध्यम से उनकी शंकाओं का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से यहां के युवाओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें ऐसे बच्चों को सिविल सेवाओं की तैयारी का मौका मिल पाएगा जो संसाधनों के अभाव में पीछे रह जाते हैं। उनके लिए यह प्रोजेक्ट मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट में बालिकाओं को विशेषरूप से वरियता दी जाएगी जिससे वे सिविल सेवाओं की तैयारी कर सकें। राज्यपाल ने प्रो. पवन सिन्हा को इस प्रोजेक्ट के लिए उत्तराखंड को चुनने पर उनका आभार भी व्यक्त किया।



# हिंदुस्तान जिंक ने एशिया का पहला लो कार्बन 'ग्रीन' जिंक इकोजेन किया लॉन्च

पंतनगर(उद संवाददाता)। जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपना लो कार्बन ग्रीन जिंक ब्रांड इकोजेन लॉन्च किया। एसएंडपी ग्लोबल सीएसए के अनुसार विव की सबसे सस्टेनेबल धातु और खनन कंपनी के रूप में मान्यता प्राप्त यह कंपनी एशिया की पहली जिंक उत्पादक है जिसने दुनिया भर में अपने ग्राहकों के लिए अपनी तरह का पहला लो कार्बन ग्रीन जिंक ऑफर किया है। इकोजेन को एक प्रसिद्ध वैश्विक स्थिरता परामर्श फर्म द्वारा जीवन चक्र मूल्यांकन, एलसीए के माध्यम से लो-कार्बन जिंक के रूप में प्रमाणित किया गया है और इसका कार्बन फुटप्रिंट प्रति टन उत्पादित जिंक पर एक टन से भी कम कार्बन समतुल्य है, जो वैश्विक औसत से 75 प्रतिात कम है। जिंक का प्राथमिक अनुप्रयोग स्टील को जंग से बचाने के लिए गैल्वनाइजेशन के लिए है स्टील, इंफ्रास्ट्रक्चर, अटोमोटिव और सनराइज सेक्टर जैसे अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रनिक्स, हाई-टेक विनिर्माण, ऊर्जा भंडारण, रक्षा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इकोजेन हिंदुस्तान जिंक की अपने परिचालन को डीकार्बोनाइज करने के साथ-साथ अपने ग्राहकों को एक बेजोड़ प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, ताकि बदले में अपने ग्राहकों को अधिक सस्टेनेबल विकल्प प्रदान किए जा सकें। हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन और वेदांता समूह की गैर-कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि, स्थिरता हमारे सभी व्यावसायिक निर्णयों के मूल में बनी हुई है। इस अवसर पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के मुख्यकार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा, इकोजेन का लॉन्च हमारे परिचालन को डीकार्बोनाइज करने की हमारी यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों की सेवा भी करता है जो अपने द्वारा उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल की उत्पत्ति के बारे में जागरूक हैं और अपनी आपूर्ति श्रृंखला को डीकार्बोनाइज करने का लक्ष्य रखते हैं। यह हिंदुस्तान जिंक के नेट-जीरो लक्ष्यों के अनुरूप हमारी उत्पाद रणनीति में एक प्रमुख मील का पत्थर है। एक टन से भी कम कार्बन समकक्ष के कार्बन फुटप्रिंट के साथ उत्पादित, इकोजेन बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और कम कार्बन संक्रमण के लिए प्रौद्योगिकियों में बाजार में सबसे सस्टेनेबल कम कार्बन जिंक विकल्पों में से एक का प्रतिनिधित्व करता है।




# बांग्ला भाषा और आरक्षण लागू नहीं होने पर अन्न,जल का करेंगे त्याग

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उपजिलाधिकारी सितारगंज के माध्यम से भेजे गए पत्र में आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष ने बंगाली समाज की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए उत्तराखंड में निवासरत बंगाली बाहुल्य क्षेत्र के प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 1 से 12 तक अनिवार्य शिक्षा के तौर पर बांगला भाषा लागू करने एवं बंगाली समाज को आरक्षण देने की मांग की है। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्र हित में बंगाली समाज अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है परंतु सरकारें बंगाली समाज के साथ न्याय नहीं किया है। राम चंद्र राय ने ज्ञापन देते हुए कहा यदि इसी सत्र में बंगाली समाज की मूलभूत मांग को सरकार नही लागू करती है तो वो विधानसभा के सामने अनशन पर बैठ जायेंगे और अन्न,जल का त्याग कर देंगे। बंगाली समाज उपेक्षा का दंश अब नही सहेंगे। ज्ञापन देने वाले में गोविंद देवनाथ, नरेश साना,राम गोपाल सरकार, समीर कुमार मंडल,सुनील बर्मन, मनोज डाकुआ,सुजीत गोलदार,मनोज बर्मन आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।



# खनन वाहनों को निर्धारित रूट पर ही चलाने के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में मासिक स्टाफ बैठक लेते हुए जनपद में कानून व्यवस्था बनाने के साथ ही वादों का त्वरित निस्तारण करने व शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने अधीनस्थ न्यायालयों में पुराने वादों को प्राथमिकता से तारीखें लगाकर निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि खनन, परिवहन, जीएसटी, आबकारी, बैंकों, निगमों आदि की बड़ी आरसी की सूची तहसीलवार तैयार करते हुए वसूली की जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने आरसी का मिलान तहसील में जाकर अवश्य करायें साथ ही उन्होंने तहसीलदारों को 10-10 बड़े बकायादारों की सूची बनाते हुए कड़ाई से वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आए दिन ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग से दुर्घटनाओं की सूचना मिल रही हैं जिसे उन्होंने गम्भीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी, एआरटीओ, पुलिस संयुक्त अभियान चलाते हुए ओवरलोडिंग, ओवर स्पीडिंग पर पूर्ण नियंत्रण लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाहनों की फिटनेस चैकिंग के साथ ही बिना परमिट संचालित वाहनों की नियमित जांच की जाए। जिलाधिकारी ने खनन आबकारी, परिवहन, राज्य कर के अधिकारियों को राजस्व बढ़ाने के निर्देश दिए। समीक्षा दौरान उपनिदेशक खनन ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 70 करोड़ रूपये का वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष माह जून तक 60 करोड़ राजस्व प्राप्ति हुई है। उन्होंने बताया



कि माह जून तक 420 वाहनों का अवैध खनन परिवहन में चालान किया गया है जिससे 2.46 करोड़ की धनराशि वसूल की गयी है। जिलाधिकारी ने खनन वाहनों के लिए रूट निर्धारित करते हुए खनन वाहनों को निर्धारित रूट पर ही चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध खनन, अवैध खनन परिवहन व अवैध खनन भण्डारण पर पैनी नजर रखते हुए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आबकारी अधिकारी को अवैध कच्ची शराब बनाने व विक्रय करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु नियमित छापेमारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को मजिस्ट्रियल जांचें त्वरित गति से करने के निर्देश दिए साथ ही सेवा का अधिकार, जनसमर्पण पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन, विभिन्न प्रमाण पत्रों को समयबद्ध निस्तारित करने के साथ ही राजस्व वसूली की समीक्षा अपने स्तर पर भी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में बाढ़ आपदा कार्य एवं प्रभावितों को त्वरित गति से राहत कार्य एवं सहायता धनराशि वितरित करने के निर्देश दिए ।उन्होंने जनपद में 35 गांव में चल रहे चकबंदी कार्य में गति लाने के साथ ही गांव की चकबंदी डिटेल बनाकर अपर जिलाधिकारी को प्रस्तुत करने के निर्देश चकबंदी अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे आपदा दौरान वितरित किए जाने वाले भोजन व राशन किट की पूर्व जांच करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही आपदा राहत कार्य दौरान जिला पूर्ति अधिकारी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेंगे।बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, रविन्द्र बिष्ट, राकेश तिवारी, गौरव पांडे, रविन्द्र जुवांठा, प्रभारी अधिकारी डॉ. अमृता शर्मा, संयुक्त निदेशक अभियोजन डीएस जंगपांगी, डी.जी.सी. नंदन सिंह धामी, मनोज तिवारी, बरीत सिंह, पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, उपनिदेश खनन डॉ. अमित गौरव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. प्रकाश चंद फुलारा, चकबंदी अधिकारी सुभाष गुप्ता, सीओ विमल रावत, एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## रोटरी और इंटरैक्ट क्लब ने सुभाष पार्क में किया पौधारोपण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।रोटरी और इंटरैक्ट क्लब ने सुभाष पार्क में पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इंटरैक्ट 3130 और रोटरैक्ट 3012 ने एक साथ मिलकर अभियान आयोजित किया जिसमें रोटेरियन अनुप्रिय अरोड़ा , रोटेरियन विषान्त भार्सी, रोटेरियन सुमित बहल, रोटरैक्टर अर्जुन अग्रवाल,



इंटरैक्टर रिज्जुल मदान, इंटरैक्टर गौरी गग्नेजा (प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर) इंटरैक्टर लक्ष्य गोयल, इंटरैक्टर आरव सिंघल और इंटरैक्टर आयुष आहूजा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया। उन्होंने पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जलवायु संतुलित रखते हैं, पर्यावरण को प्रदूषण से बचाते हैं और जैव विविधता को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## रेनबो पब्लिक स्कूल में छात्र कार्यकारिणी का गठन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रेनबो पब्लिक स्कूल में परंपरागत छात्र कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें समस्त हाउस-तिलक हाउस, पटेल हाउस, नेहरु हाउस, सुभाष हाउस आदि के पदाधिकारियों को चयन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं कौशल वाले छात्रों को विभिन्न पदों का उत्तरदायित्व प्रदान किया। छात्र-छात्राओ को हाउस इन्चार्ज ने वैज लगाकर सम्मानित किया। प्रमुख-छात्रा प्रतिनिधि वर्षा रानी एवं प्रमुख छात्र प्रतिनिधि कुमार वैभव का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त स्पार्टस कैप्टन अनुज शर्मा जूनियर वर्ग में



प्रमुख छात्रा प्रतिनिधि प्राची पनेरु एवं जूनियर वर्ग में प्रमुख छात्र प्रतिनिधि शौर्य का चयन किया गया एवं उन्हे पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग क्रार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए जिसमें समूह गान, गणेश वंदना आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संजय अग्रवाल ने समस्त पदाधिकारी छात्रों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों से परिचय कराया एवं अपने कार्य का सुचारु रुप से करने के लिए प्रेरित किया। उप प्रधानाचार्य सुश्री स्मिता पाठक ने कहा कि विद्यालय में ही देश के भावी कर्णधार तैयार होते हैं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती जिंदर कोर, तान्या अरोरा, एवं पूजा ग्रोवर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबन्धन समिति की सदस्या श्रीमती गीतांजली मलिक, सीमा त्यागी, मोहन चन्द्र,जसप्रीत सिंह, सचिन रस्तोगी, पूजा सिंह, विमला बनकोटी, शोभा विष्ट ,हिमांशु उपाध्याय,किरनगुप्ता,लक्ष्मी नेगी, मनीष हालदार एवं सीनियर कॉडिनेटर जी. एस. रावत, श्रीमती अंशु उपाध्याय, आशिया रजा, अर्जुन वर्मा सहित समस्त छात्र-छात्र पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्पेल बी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रधानाचार्य अनुराग माथुर व उपप्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा ने किया।यह प्रतियोगिता कक्षा 6 से कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गयी। प्रतियोगिता को चार चरणों में विभाजित किया गया जिसमें-स्पेल मी राइट, रेस्क्यू मी कैच द कलप्रिट और फिल मी शामिल थे। प्रतियोगिता में छात्रों ने कई कठिन पड़ावों को पार कर अपनी जीत दर्ज की, कक्षा छ में अभ्युदय प्रथम, अर्पिता नेगी द्वितीय तथा लावण्या, दिव्यांश पाण्डे तथा हार्दिक भट्ट तृतीय स्थान में रहे। कक्षा सात में नील सिंघल, अविश ठाकुर तथा विवान तिवाड़ी ने एक समान अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि द्वितीय स्थान में अनंजन त्रिपाठी रहे तथा आद्या




चौधरी व आरिका बेलवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कक्षा 8 में हमजा खान प्रथम, अबीर दयाल सक्सैना द्वितीय तथा कोमल जोशी, अलीना आलम व प्रज्ञान सिराव तृतीय स्थान में रहे। प्रतियोगिता का संचालन उर्मिल जोशी पूजा जोशी व ऊर्मि रैना ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर ने छात्रों को सम्बोधित कर अपनी अंग्रेजी के प्रति अत्यधिक रूचि बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा विजयी छात्रों को पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्टिविटी कॉर्डिनेटर रीता राठौर समेत संजय गोस्वामी, मोहित पन्त, पारुल अग्रवाल रिंकी बिष्ट हरजिंदर कौर व संगीता खोलिया आदि ने सहयोग दिया।

## ईश्वर का चिंतन करने से प्राप्त होती है ईश्वरीय शक्तिः पंडित विजय शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के चतुर्थ दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि जब भी कथा श्रवण करें संसार से निर्लिप्त होकर करें। कथा में बैठकर भी घर बार और धंधे



की बात सोचते रहने से मन विकृत होता है,कथा मण्डप में केवल कथा का ही विचार करें अन्य सभी चिंताएं छोड़कर कथा में बैठें, जिसका मंगल मय आचरण है, उसका ध्यान करने से उसे वंदन करने से उसका स्मरण करने से जीवन मंगल मय होता है। श्री कृष्ण का नाम और धाम मंगल मय हैं, अतः कथा में बैठकर भगवान कृष्ण का ही ध्यान करें। संसार की किसी वस्तु या जीव का चिंतन ना करें, ईश्वर का चिंतन ध्यान मनुष्य करें तो ईश्वर की शक्ति मनुष्य को मिले। कथा श्रवण करने के लिए श्री सनातन धर्म सभा, महिला संकीर्तन मंडल एवं युवा मंच के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। प्रसाद की सेवा श्रीमती गुरप्रीत कौर निवासी वार्ड नंबर 11 जी के परिवार द्वारा दी गयी।

## मुख्य सचिव ने वीसी पर की मलिन बस्तियों की व्यवस्थाओं की समीक्षा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उत्तराखंड राज्य की नगर निकायों में अवस्थित मलिन बस्तियों के सुधार, नियमितीकरण, पुनर्वासन, पुनर्व्यवस्थापन, अतिक्रमण निषेध और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा की। जिसमें कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने भी वीसी



के माध्यम से प्रतिभाग किया। मुख्य सचिव ने समस्त जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी जनपद के अंतर्गत यदि मलिन बस्तियां हैं, तो उनका सर्वे कर लें, तथा सुनिश्चित कर लें कि उन मलिन बस्तियों का क्षेत्रफल कितना है, और वहां कितने परिवार व सदस्य निवास करते हैं। ताकि उनकी मूलभूत आवश्यकताओं जैसे पानी, बिजली, आवास आदि पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा 15 दिनों के अंदर सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया जाए और इसकी सूचना शासन को भी उपलब्ध कराएं।

## पत्रकार प्रेस परिषद की बैठक में पत्रकारों के हितों पर चर्चा

खटीमा (उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद के कुमायूं मंडल अध्यक्ष अशोक गुलाटी की अध्यक्षता में आयोजित लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती एवं पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा की गयी साथ ही नये सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में शीघ्र ही कुमांऊ मण्डल स्तरीय सम्मेलन के आयोजन को लेकर भी चर्चा की गयी। बैठक में पत्रकार प्रेस परिषद इंडिया के कुमायूं प्रभारी अशोक गुलाटी ने खटीमा तहसील इकाई के अध्यक्ष अशोक सरकार के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि खटीमा में बाढ़ के समय अध्यक्ष अशोक सरकार नेतृत्व में संगठन के सदस्यों ने आपदा पीड़ितों को राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया। साथ ही अपनी जान



जोखिम में डालकर बाढ़ की कवरेज की प्रशंसनीय है। कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने संगठन द्वारा पत्रकार हितों के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंनें बताया कि संगठन की ओर से सदस्यों को दिया जा रहा 2.15 लाख का दुर्घटना बीमा सितंबर माह में समाप्त होने के बाद पुनः शुरू हो जाएगा। बैठक में सितारगंज एवं टनकपुर से जुड़े नये सदस्यों का स्वागत किया गया। अशोक गुलाटी ने कहा कि जल्द ही टनकपुर और सितारगंज में नई इकाईयों का गठन किया जायेगा। साथ ही श्री गुलाटी ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संगठन पत्रकार हितों के लिए कोई भी लड़ाई से पीछे नहीं हटेगा। बैठक में बैठक में अजय गुप्ता, गुड्डू खान, हेमंत कुमार, दीपक यादव, विजय कुमार, भरत सिंह चुफाल, अशोक सरकार, टोनी वर्मा, माया शंकर, दीपक, विनोद जोशी, नवीन भट्ट समेत कई पत्रकार मौजूद थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नकल माफियाओं पर शिकंजा

प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और पेपर लीकके मामले उजागर होने से स्वाभाविक ही परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं पर सवाल उठते हैं। खासकर राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए की ओर से कराई जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में पेपर लीकसे देश के लाखों विद्यार्थियों के विश्वास को धक्का पहुंचा है। परीक्षाओं की विश्वसनीयता को लेकर केंद्र और राज्य सरकारें चिंतित भी हैं। इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 लागू किया है, जिसकी अधिसूचना पिछले माह जारी की गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीकपर अंकुश लगाने के लिए हाल में नया कानून बनाया है। अब बिहार सरकार ने भी प्रदेश लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधयक, 2024 विधानसभा में पारित किया है। दरअसल, बिहार सरकार ने इसकी तात्कालिक जरूरत इसलिए समझी, क्योंकि नीट-यूजी पेपर लीकमामले के तार वहां से भी जुड़े हैं। कुछ अन्य राज्य भी इस तरह का कानून बनाने पर विचार कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से बनाए गए कानूनों में परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीकके दोषियों को सजा के कड़े प्रावधान किए गए हैं। मगर, सवाल है कि क्या हर राज्य में अलग-अलग कानून बना देने से ऐसे मामलों पर अंकुश लग पाएगा? नीट-यूजी पेपर लीकके मामले में केंद्र सरकार ने कुछ तात्कालिक कदम उठाए हैं। नया कानून लागू करने के साथ ही इस मामले की जांच सीबीआइ को सौंपी गई है और कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। मगर, क्या ये कदम छात्रों और अभिभावकों की परेशानी दूर करने के लिए काफी हैं? यह कवायद मात्र रोग के लक्षणों का उपचार करना है। मूल समस्या कहीं अधिक गहरी है और इसकी जड़ों पर प्रहार करने की जरूरत है। प्रतियोगी परीक्षाओं में कुशल प्रतिभाओं का चयन जरूरी है और यह तभी संभव होगा, जब इन परीक्षाओं की शुचिता कायम रखी जाएगी। हर महत्वपूर्ण संस्थान और एजंसी के कार्य तभी उत्तम स्तर के होंगे, जब सुयोग्य व्यक्तियों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही, परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने संबंधी कानूनों पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करना जरूरी है।

# धूमधाम से मना जिम कॉर्बेट का 149वां जन्मदिन




रामनगर (उद संवाददाता)। शिकारी से पर्यावरण संरक्षणवादी बने जिम कॉर्बेट की 149वीं जयंती गुरुवार को जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कॉर्बेट ग्राम विकास सामिति के सचिव मोहन पांडे ने कहा, जिम कॉर्बेट ने इस पार्क में बहुत बड़ा योगदान दिया है। स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के साथ-साथ यह पार्क पर्यटन क्षेत्र में राजस्व उत्पन्न करने का भी काम करता है। जिम कॉर्बेट ने 31 वर्ष की आयु में 19 आदमखोर बाघों और 14 आदमखोर तेंदुओं को मार गिराया था। उन्होंने बताया कि उन्होंने छह पुस्तकें भी लिखीं, जो बाद में बहुत लोकप्रिय हुईं। 25 जुलाई 1875 को नैनीताल में जन्मे वे एक प्रसिद्ध शिकारी के रूप में जाने जाते थे, लेकिन बाद में वे एक संरक्षणवादी बन गए और भारत में कई राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों की स्थापना की। एडवर्ड जेम्स जिम कॉर्बेट को तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने आदमखोर बाघों को मारने के लिए बुलाया था। उस समय गढ़वाल और कुमाऊं में आदमखोर बाघों ने आतंक मचा रखा था। 1907 में चंपावत में एक आदमखोर बाघ ने 436 लोगों को मार डाला था। जिम कॉर्बेट ने ही लोगों को आदमखोर बाघों के आतंक से बचाया था। 1910 में मुक्तेश्वर में उन्होंने जो पहला तेंदुआ मारा था, उसने 400 लोगों को मार डाला था और 31 वर्ष की आयु तक उन्होंने 33 नरभक्षी बाघों और तेंदुओं को मार डाला था। जिम कॉर्बेट ने साल 1915 में स्थानीय व्यक्ति से कालाढूंगी क्षेत्र के छोटी हल्द्वानी में जमीन खरीदी। सर्दियों में यहां रहने के लिए जिम कॉर्बेट ने एक घर बना लिया और 1922 में यहां रहना शुरू कर दिया। गर्मियों में वो नैनीताल में गर्मी हाउस में रहने के लिए चले जाया करते थे। उन्होंने अपने सहयोगियों के लिए अपनी 221 एकड़ जमीन को खेती और रहने के लिए दे दिया। जिसे आज कॉर्बेट का गांव छोटी हल्द्वानी के नाम से जाना जाता है। उस दौर में छोटी हल्द्वानी में चौपाल लगा करती थी। आज भी देश विदेश से सैलानी कॉर्बेट के गांव छोटी हल्द्वानी घूमने के लिए आते हैं। साल 1947 में जिम कॉर्बेट देश छोड़कर विदेश चले गए और कालाढूंगी स्थित घर को अपने मित्र चिरंजीलाल को दे दिया। वन्यजीव प्रेमी संजय छिम्वाल कहते है कि साल 1907 में चंपावत शहर में एक आदमखोर 436 लोगों को अपना निवाला बना चुका था। तब जिम कॉर्बेट ने लोगों को आदमखोर के आतंक से मुक्त कराया था। जिम ने 1910 में मुक्तेश्वर में जिस पहले तेंदुए को मारा था, उसने 400 लोगों को मौत के घाट उतारा था। जबकि दूसरे तेंदुए ने 125 लोगों को मौत के घाट उतारा था। उसे जिम ने 1926 में रुद्रप्रयाग में मारा था। जिम कॉर्बेट ने अपनी जान की परवाह न करते हुए एक के बाद एक सभी आदमखोरों को मौत की नींद सुला दिया था। कहा जाता है कि जिम कॉर्बेट ने 31 साल में 19 आदमखोर बाघ और 14 आदमखोर तेंदुओं को ढेर किया था। इस तरह उन्होंने कुल 33 आदमखोर बाघ और तेंदुओं को ढेर कर आम जन को राहत दिलाई थी। बता दें कि विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क देश-विदेश में बाघों के घनत्व के साथ ही अन्य वन्यजीवों के लिए चर्चित है। एडवर्ड जेम्स कॉर्बेट को इस दुनिया से गए आज करीब 68 साल हो गए हैं। आज भी उनके नाम पर रामनगर व आसपास के क्षेत्रों में कई प्रतिष्ठान, रिजॉर्ट और यहां तक की सैलून की दुकानें भी चल रही हैं। आज भी व्यवसाय करने वाले कहते हैं कि जिम कॉर्बेट पार्क रामनगर में अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इसलिए आज भी वे जिंदा हैं। एडवर्ड जेम्स कॉर्बेट के नाम से रखे गए पार्क से जुड़कर सैकड़ों लोग पर्यटन से अपने व अपने परिवार की आजीविका चला रहे हैं। इसमें ऐसे भी लोग हैं जो कॉर्बेट के नाम के सहारे अपनी दुकान चला रहे हैं। कॉर्बेट का नाम इतना प्रसिद्ध हो चला है कि कई लोगों ने अपने छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों के नाम कॉर्बेट के नाम से ही रखे हैं। यहां तक कि पर्यटकों की बुकिंग करने वाले प्राइवेट लोगों ने भी अपनी साइटों के नाम कॉर्बेट के नाम पर रखे हैं। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी ने बताया कि पूरे दिन कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पौधारोपण अभियान भी चलाया गया उन्होंने बताया, ष्पार्क की स्थापना 1936 में हुई थी और इसका मूल नाम हैली नेशनल पार्क (तत्कालीन यूनाइटेड प्रोविंस के गवर्नर सर मैल्कम हैली के नाम पर) था।

# बजट से अर्थव्यवस्था की नींव होगी मजबूत

इस आम बजट की तीन खास बातें हैं, जो रोजगार से लेकर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली साबित हो सकती हैं। एक कृषि, दो रोजगार और तीन आयकर दाताओं को राहत। इसीलिए इस बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के संदर्भ में महत्वपूर्ण मानते हुए कहा है कि 'यह आम बजट पांच साल के लिए हमारी दिशा तय करने के साथ ही 2029 तक विकसित भारत की आधारशिला रखने में अहम भूमिका निभाता रहेगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने खेती में उत्पादकता, बेरोजगारों को नामी कंपनियों में प्रशिक्षण देते हुए पांच हजार रुपए की पारिश्रमिक राशि कि आर्थिक सहायता और बाजार को बढ़ावा देने की दृष्टि से कर सारणी में करप्रदाताओं को राहत। इसके अलावा समग्र मानव संसाधन विकास, ऊर्जा सुरक्षा, ढांचागत विकास, शोध -अनुसंधान जैसे विषयों को प्राथमिकता देते हुए बजट प्रावधान किया गया है। युवाओं को रोजगार देश में इस समय एक बड़ी समस्या के रूप में देखी जा रही है। उच्च एवं तकनीकि शिक्षा में दक्ष होने के बावजूद रोजगार दूर की कौड़ी बना हुआ है। इस समस्या के समाधान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल करते हुए रोजगार और कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी पांच योजनाओं के लिए दो लाख करोड़ रुपए का बजट तय किया है। पांच वर्षों में 4 करोड़ 10 लाख युवाओं के लिए दक्षता प्राप्त करने हेतु 500 स्थापित कंपनियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवकों को केंद्र सरकार पांच हजार रुपए प्रतिमाह सीधे खाते में जमा कराएगी।इस बजट में किसान और कृषि की स्थिति को मजबूत बनाने के नजरिए से 1.52 लाख करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित है। पिछले वर्ष इस मद में 1.25 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे। अतएव अब 25000 करोड़ रुपए अतिरिक्त दिए गए हैं। पांच राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। हालांकि किसानों को फसल पर दी जाने वाली सब्सिडी पर इस बजट में कोई नया प्रावधान नहीं है। किसान एमएसपी के लिए असे से कानूनी रूप देने की मांग कर रहे हैं। यदि इसे कानूनी रूप दे दिया जाता है तो करीब 17 लाख करोड़ रुपए वार्षिक अतिरिक्त खर्च आएगा, नतीजतन देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो जाएगी। किसान उन्हीं फसलों को उगाएंगे, जिन पर ज्यादा सब्सिडी मिलेगी और जिनकी बाजार में मांग ज्यादा होगी। ऐसे में मोटे अनाज, जिनमें पोशक तत्व अधिक होते हैं, उन्हें किसान खेतों में नहीं बोएंगे। जबकि बीमार होते देश के लिए मोटे अनाज आज की जरूरत बन गई है। इस बजट में आम करदाता को खुश रखने की कोशिश की गई है, इसलिए कर सारणी में सुधार किया गया है। अब तीन लाख की आमदनी पर कोई कर नहीं लगेगा। तीन से सात लाख रुपए की आय पर पांच फीसदी, सात से दस लाख पर 10 फीसदी, दस से बारह लाख पर 15 फीसदी, बारह से पन्द्रह लाख पर 20 फीसदी और पन्द्रह लाख से अधिक आय पर 30 प्रतिशत कर लगेगा। जो कि करदाताओं के लिए एक बड़ी राहत है। इससे बाजार में पैसे की तरलता बढ़ेगी और व्यापारियों को आर्थिक लाभ होगा।बजट में कैंसर की दवा, सोना-चांदी, प्लेटिनम, मोबाइल फोन, मोबाइल चॉर्जर, बिजली के तार, एक्सरे मशीन, सौर ऊर्जा संयंत्र, चमड़ा और समुद्री खाद्य सामग्री सस्ते होंगे। सौर घर योजना पर सब्सिडी जारी रहेगी। मोबाइल और चार्जर पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है। सोना और चांदी के गहनों पर भी यह ड्यूटी घटाकर 6 प्रतिशत कर दी गई है। संचार, उपकरण 15 प्रतिशत और प्लास्टिक का समान 25 प्रतिशत महंगे किए गए हैं यह सामग्री इसलिए महंगी की गई है, क्योंकि यह सामग्री खराब होने के बाद फेंक दी जाती है, जिससे हर तरह का प्रदूषण बढ़ता है। साथ ही पशुधन के मुंह में भी यह सामग्री चली जाती है, जिससे जानवर बेमौत मारे जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार नीतिश कुमार और चंद्रबाबू नायडू की बैशाखियों पर टिकी है। अतएव इन दोनों नेताओं की मांग पूरी करते हुए बिहार को 59 हजार करोड़ रुपए और आंध्रप्रदेश को 15 हजार करोड़ रुपए का विशेष पैकेज दिया गया है। लिहाजा माना जा रहा है कि पूरी पांच साल राजग गठबंधन सरकार केंद्रीय सत्ता में बनी रहेगी।

**प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# मां की डांट से क्षुब्ध 11वीं की छात्रा फांसी के फंदे पर झूली

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मां की डांट से क्षुब्ध 11वीं की छात्रा फांसी के फंदे पर झूल गई। छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बनभूलपुरा लाइन नंबर 18 निवासी शादिका पुत्री अब्दुल गफूर 11वीं की छात्रा है। गत दिवस वह स्कूल से घर पहुंची और घर पहुंचने पर मां से खाना मांगा था। जिस पर उसकर मां ने उसे डपट दिया। बताया जा रहा है डांट से क्षुब्ध शादिका बुद्ध बाजार गई और रस्सी ले आई जिसके बाद वह अपने कमरे में पंखे के कुंडे से लटक गई। जब शाम को 4 बजे उसकी मां सोकर उठी तो उसे पंखे के कुंडे से लटका देखकर उसकी चीख निकल गई। आनन फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# घर में घुसे चोरों ने सोने के जेवर और नगदी चुराई

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। घर में घुसे चोरों ने सोने के आभूषण और नगदी चुरा ली। घर से चोरों को निकलते देख पड़ोसी ने एक चोर को रंगे हाथ धर दबोचा और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता ने चोरों के खिलाफ करवाई की मांग की है। गांधी आश्रम रामड़ी छोटी हल्द्वानी निवासी कंचन बिष्ट पत्नी चंदन बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह उसके पति काम करते हैं और रामड़ी छोटी में किराए पर रहते हैं। जब दोनों काम पर गए थे तो उनके घर में दो चोर घुस गए और उन्होंने दो अलमारियों को तोड़कर एक मंगलसूत्र, एक जोड़े कान के टॉप्स और दस हजार की नगदी चोरी करके भाग रहे थे, तभी हमारे किसी पड़ोसी द्वारा चोरों को घर से निकलते हुए देखा और उनमें से एक चोर को पकड़ लिया। महिला ने चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मोबाइल चोरी के आरोपी ने पुलिस को छकाया

## पूछताछ के दौरान भागा किशोर गोमती नदी में कूदा



बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागनाथ मन्दिर से किसी व्यक्ति का मोबाइल चोरी होने की सूचना पर नाबालिग को मोबाइल मिलने की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शिकायतकर्ता की सूचना पर मोबाइल बरामद करने के लिए जांच शुरू की, वहीं जांच के दौरान मोबाइल बरामद करने के लिए चोरी करने के आरोप पर नाबालिग ने पुलिस के पसीने छुड़ा दिए। पुलिस ने खोए हुए मोबाइल को ढूंढने के लिए सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की।जांच के दौरान पुलिस ने नाबालिक से मोबाइल के लिए पूछताछ की, परंतु नाबालिक ने बाजार में पुलिस को इसकी जानकारी देने और पुलिस को सहयोग देने का भरोसा दिया, पर लगातार पुलिस को गुमराह करने के बाद पुलिस द्वारा खोए हुए मोबाइल को वापस लौटाने की बात कहने पर नाबालिक पुलिस को चकमा देकर गोमती नदी की ओर भाग गया, जिसके बाद वहां तमाशबीनों की भीड़ लगने लगी।वही लगातार दो घण्टे तक पुलिस के जवान मिन्नते कर नाबालिक को दूर से समझाते रहे, पर हद तब हो गई जब नाबालिक पुलिस को डराने के लिए उफनती गोमती नदी में कूद गया, जहाँ वह तैरते हुए बीच नदी में एक चट्टान में बैठ गया, जहाँ उसने अपने कपड़े खोलकर फिर छलांग लगाकर सरयू नदी की तरफ जाने लगा, इस दौरान गोमती पुल पर तमाशबीनों की काफी भीड़ लगी रही।वही इस दौरान नाबालिक को समझाने बुझाने और नदी में कूदे नाबालिक को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए पुलिस के जवानों का पसीना छूट गया, जिसके बाद नाबालिक तैरते हुए सरयू नदी के तेज लहरों के बीच पहुँचा, इस दौरान उसे नदी में बचाने के लिए एक युवक ने भी जान जोखिम में डालकर नाबालिक को सुरक्षित पकड़ने में भूमिका निभाई,जिसके बादकड़ी मसक्कत के बाद नाबालिक के सुरक्षित होने के बाद पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली।वही कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि पुलिस कर्मियों की सूझबूझ से नाबालिक को सुरक्षित रेस्क्यू कर नाबालिक की काउंसलिंग कर बच्चे को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। वही खोए हुए मोबाइल को भी पुलिस ने शीघ्र खोजकर वास्तविक स्वामी के सुपुर्द कर दिया गया है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि कोई भी वर्षाकाल में नदी किनारे ना जाए।

# स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग के लिए मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में सचिवालय में हाउस ऑफ हिमालयाज की बोर्ड ऑफ गवर्नेंस की बैठक हुई। मुख्य सचिव ने हाउस ऑफ हिमालयाज के तहत स्थानीय उत्पादों की बेहतरीन मार्केटिंग, क्वालिटी व ब्राण्डिंग पर फोकस करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने हाउस ऑफ हिमालयाज को उत्तराखण्ड के अम्ब्रेला ब्राण्ड के रूप में स्थापित करते हुए स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि हाउस ऑफ हिमालयाज के तहत अधिक से अधिक महिला स्वयं सहायता समूहों व स्थानीय महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उत्तराखण्ड के सभी उत्पादों को एक ही नाम व ब्राण्ड मिलने से राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार मिलेगा। सीएस ने निर्देश दिए हैं कि हाउस ऑफ हिमालयाज के माध्यम से राज्य के सभी स्थानीय ब्राण्ड्स की पहुंच बढ़ाने के लिए कार्य किया जाना चाहिए। हाउस ऑफ हिमालयाज को वोकल फॉर लोकल तथा लोकल फॉर ग्लोबल की थीम के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने इसके लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को व्यापक स्तर तक पहुंचाने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज के तहत प्रथम चरण में 21 उत्पादों को रखा गया है। भविष्य में अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों को इससे जोड़ा जाएगा। बैठक में सचिव श्रीमती राधिका झा, अपर सचिव श्री मनुज गोयल आदि अधिकारी मौजूद रहे।



# खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाया उत्साह

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कालेज शक्तिफार्म में दो दिवसीय मुख्यमंत्री उदीयमान छात्रवृत्ति प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस बालिका वर्ग की प्रतियोगिता हुई जिसका शुभारम्भ प्रधानाचार्य रा०इ० का० शक्तिफार्म बालमुकुन्द तिवारी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में न्याय पंचायत स्तर से चयनित प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। ब्लॉक क्रीड़ा समन्वयक निर्मल सरकार द्वारा सभी निर्णायको, प्रभारियो एवं प्रतिभागियो को प्रतियोगिता हेतु निर्देश एवं शुभकामना दी गई। प्रतियोगिता में क्रमश: 6 प्रतियोगिताओं का आयोजन- 600 मी० रन, 6गुणा 10 मी. शटल रन, मेडिसिन बाल थ्रो, 30 मी० फ्लाइंग दौड़, स्टेंडिंग ब्रॉड जम्प तथा फारवर्ड बैंड रिच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके परिणाम स्वरुप प्रत्येक आयुवर्ग (08-09, 09-10, 10-11, 11-12,



12-13 एवं 13-14) से 6-6 कुल 36 बच्चों का चयन जनपद स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। जिसमें पंकज राय, निर्मल सरकार, राम जनम चौहान, बलवीर सिंह, अनिल श्रेष्ठ, देवेन्द्र राय, अवधेश कुमार, त्रिलोचन जोशी, देवेन्द्र खोलिया, जयदेव मजूमदार, निभाई चन्द्र मांझी, दिवाकर हालदार विजन विहारी राय, ललित मोहन जोशी ने प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया।

# सड़क निर्माण नहीं होने पर यूथ कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

गदरपुर(उद संवाददाता)। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अराज सिंह सिद्धू के नेतृत्व एवं नगर अध्यक्ष आकाश दीप सिंह की अध्यक्षता में युवाओं ने राजकीय इंटर कॉलेज से रैली निकालते हुए गूलरभोज मोड़ पर पहुंचे और प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। बता दें कि दिनेशपुर मटकोटा मार्ग को लेकर लोगों मे आक्रोश बना हुआ है। समय समय पर लोगों ने सड़क के पुन: निर्माण को लेकर भी आंदोलन किये लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा समस्या का समाधान नही किया गया। इसी को लेकर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन के बीच सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अराज सिंह सिद्धू ने कहा कुछ समय पूर्व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा इसी मार्ग को फोर लेन बनाये जाने की बात कही थी। फोर लेन बनाना तो दूर दर्जनों मार्ग दुर्घटनाओं के बाद भी सिर्फ पैंच लगाकर सरकार खानापूर्ति कर रही है। उन्होंने कहा कि दिनेशपुर



मटकोटा मार्ग की सड़क जल्द नही बनाई जाती तो यूथ कांग्रेस बड़ा आंदोलन कर प्रदेश सरकार की आंखे खोलने का काम करेगी। इस दौरान नगर अध्यक्ष आकाश दीप सिंह ने भी आम जनता की समस्याओं को दोहराते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया। इस दौरान हर्ष सिद्धू,साजिद अली,राजवीर विर्क,अयान पाशा,मोइन पाशा,गुरतेज सिंह,राहुल वर्मा,समी पाशा, रूबेद खान,तेजवीर सिंह,जितेंद्र सिंह सहित दर्जनों युवा उपस्थित रहे।

# मजदूरी की फरियाद लेकर श्रम कार्यालय पहुंचे श्रमिक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में काम करने के बाद भी प्रबंधन व ठेकेदार द्वारा लाखों रुपए की मजदूरी न देने पर गुरूवार को कई श्रमिकों ने उप श्रमायुक्त कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई। उनका कहना था कि वह ट्रांजिट कैम्प ढाल के निवासीगण है तथा गरीब मजदूर लोग है मेहनत मजदूरी आदि



कर परिवार का गुजारा चलाते हैं। एसपीपी पॉलीमर्स सिडकुल में 20 लडको ने कार्य किया जिसकी प्रति व्यक्ति की मजदूरी राशि प्रति माह 15,200 रूपये है तथा सुपरवाईजर की मजदूरी राशि शेष 19,000 रूपये बनती है। जो कि लगभग 3,19,200 रूपये बनती है। जिसको फर्म का मालिक नही दे रहा है बार बार माँगने पर टाल मटोल करता बला आ रहा है। मजदूरी मांगने पर वह गाली गलौज कर धारदार हथियार निकाल कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। उन्होंने दिए प्रार्थना पत्र में मजदूरी दिलाये जाने की गुहार लगाई है। इस दौरान दीपक, तिलक राम, अनीश अहमद, कदीर अहमद, संजीव कुमार, चमन, निकलेस, शुभम, आयुश, शिवा शर्मा, प्रदीप, नरेन्द्र, अरविन्द आदि मौजूद थे।

## आरएसएस कार्यकर्ता पर धमकाने का आरोप

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक व्यक्ति आरएसएस कार्यकर्ता बताने वाले एक व्यक्ति पर अवैध वसूली करने और धमकाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि वह संघ में शामिल होने के लिए टैक्सी चालकों पर दबाव बनाता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष भरत भूषण पुत्र लक्ष्मीनारायण ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि हल्दूचौड़ निवासी हिमांशु जोशी पुत्र नवीन चंद्र जोशी खुद को आरएसएस संघ का संस्थापक बताकर टैक्सी वाहनों को जहां तहां रोक उन्हें संघ में शामिल होने का दबाव बनाता है।

# कई जिलों में बारिश का अलर्ट, छाए रहेंगे बादल

देहरादून। राज्य के आठ जिलों में आज अधिकांश स्थानों पर बारिश की संभावना है। जबकि इनमें से तीन जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। ज्यादातर स्थानों पर आसमान में बादल छाए रहेंगे। कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग की ओर से पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के तीन जिलों देहरादून, नैनीताल और बागेश्वर में कहीं-कहीं पर तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, चंपावत और ऊधमसिंहनगर जिले में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। वहीं देहरादून में बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 32 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री तक रहने की संभावना है। उधर, बुधवार को देहरादून के कई इलाकों में तेज बारिश हुई। दोपहर करीब दो बजे क्लेमेंटटाउन क्षेत्र में आधा घंटा तक तेज बारिश हुई। वहीं राजपुर क्षेत्र में तीन बजे के आसपास बारिश की बौछारें पड़ी। बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली।

# छात्रावास से पंजाब की छात्रा लापता,हड़कम्प

सितारगंज (उद संवाददाता)।साधुनगर विद्यालय के छात्रावास से पंजाब की छात्रा संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। इससे विद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रा की काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन की सूचना पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साधु नगर स्थित प्रतिष्ठत विद्यालय में 12 जुलाई को पंजाब की छात्रा ने प्रवेश लिया था। छात्रा के परिजन एक हफ्ते बाद उसे लेने के लिए आने वाले थे। लेकिन परिजन बिजी होने के कारण नहीं आ सके। विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि छात्रा घर जाने की जिद किए हुए थी। 24 जुलाई को छात्रा मौका देखकर विद्यालय के गेट से चली गई। विद्यालय के कर्मचारियों ने छात्रा की काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। विद्यालय प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चेक बाउंस होने पर आरोपी को तीन माह कारावास की सजा

काशीपुर। न्यायिक मजिस्ट्रेट/द्वितीय अपर सिविल जज (जू.डि.) की अदालत में एनएक्सजी बेस्टो प्रा.लि. सरकरा रोड पिपलिया बाजपुर के पार्टनर बेनेट मैसी ने वाद दायर किया। बताया कि चौहान पेस्टीसाइड्स फर्टीलाइजर्स के प्रोपराइटर गोविंद निवासी मोहल्ला दरबार खुर्द पोस्ट कैराना जिला शामली (यूपी) उनसे कीटनाशक खरीदते रहते हैं। इसके चलते उनके अच्छे संबंध हो गए। चौहान पेस्टीसाइड्स फर्टीलाइजर्स ने उनकी कंपनी से एक लाख 64 हजार 17 रुपये की कीटनाशक खरीदे लेकिन भुगतान नहीं किया। काफी कहने पर 31 मई 2022 को कंपनी के नाम का चेक दिया गया, जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। अदालत ने मामले में दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस, प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर कंपनी के प्रोपराइटर गोविंद का दोषी मानते हुए तीन महीने कारावास व दो लाख के अर्थदंड से दंडित किया। आदेश में कहा कि आरोपी एक लाख 90 हजार रुपये परिवादी को प्रतिकर के रूप में देगा। अर्थदंड अदा नहीं करने पर दो महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतान होगा।

## पेज एक का शेष...

**केजरीवाल को नहीं मिली...**जुलाई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दायर उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें आबकारी नीति मामले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया है। वहीं सीबीआई ने कहा कि पूरे साक्ष्य आने पर ही कानून के तहत गिरफ्तारी की। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर भी आदेश सुरक्षित रखा है।

**व्यापारियों को गुमराह ..** ही अब विकल्प रह गया है। नगर व्यापार मंडल के चुनाव करना और उप जिलाधिकारी का स्थानांतरण । जब तक यह दोनों कार्य नहीं हो जाते हुए धरने से नहीं हटेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक मेरा धरना जारी हैं मैं पूर्व विधायक को भी धरने में से नहीं उठने दूंगा। बेहड़ ने कहा कि बार-बार मुझ पर रुद्रपुर के संबंध में बयान बाजी कर आरोप लगाए जा रहे हैं। रुद्रपुर के विकास में जो मेडिकल कॉलेज में आज पूर्व विधायक के पिता का नाम अंकित है वह मेडिकल कॉलेज उनकी ही देन थी। यदि वह मेडिकल कॉलेज नहीं बनाते तो आज मेडिकल कॉलेज पर पूर्व विधायक के पिताजी का नाम भी अंकित नहीं होता। उन्होंने हमला बोलते हुए कहा कि रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज में अपने पिताजी का नाम दर्ज करने के लिए और राजेश शुक्ला ने प्रियंका गांधी के सामने यह वादा किया था कि वह कांग्रेस पार्टी जॉइनिंग कर लेंगे। किंतु मेडिकल कॉलेज में उनके पिता का नाम अंकित होते ही उन्होंने हरीश रावत को भी धोखा दे दिया। पूर्व विधायक धोखा देने में माहिर हैं यही नहीं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला उत्तराखंड के घोर विरोधी रहे हैं उनके द्वारा उधम सिंह नगर रक्षा समिति बनाकर उत्तराखंड का घोर विरोध किया था और आज दावा कर रहे हैं कि वह उत्तराखंड के समर्थक हैं। वह उत्तराखंड के समर्थक कभी हो ही नहीं सकते। उन्होंने कहा कि जब वह क्षेत्र के विकास की बात करते हैं तो यह स्पष्ट होता है कि पूर्व विधायक उनके द्वारा मांगे गए विकास कार्यों को रोके जाने की बात कहते रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व विधायक आज भी यह कामना कर रहे हैं कि तिलकराज बेहड़ दुनिया छोड़कर चला जाए लेकिन यह ईश्वर के हाथ में है। जब तक ईश्वर के यहां से बुलावा नहीं आता है कोई भी नहीं जा सकता। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में होने वाले चुनाव में वह फिर से और विधायक शुक्ला के सीने पर बैठ कर ही चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि विकास की बात करने वाले पूर्व विधायक हमेशा क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने का षड्यंत्र रचते रहते हैं। उन्होंने कहा कि पहले सिरौली कला को पूर्व विधायक ने ही नगर पालिका में सम्मिलित करने का प्रस्ताव पारित करवा कर सम्मिलित करवाया था और अब वहीं पूर्व विधायक परदे के पीछे रहकर सिरौली कला को नगर पालिका से हटाकर गांव समाज बनाना चाहते हैं। यह उनका दोहरा चरित्र स्पष्ट झलकता है उन्होंने कहा कि अभी तो वह दो ही मुद्दे लेकर बैठे हैं अगर एक-दो दिन में इन मुद्दों का समाधान नहीं हुआ तो आगे यह मुद्दे बढ़कर चार-पांच हो सकते हैं।

**मेट्रोपोलिस मॉल में व्यापारियों...** द्वारा आगामी 31 जुलाई तक व्यापारी विनोद चावला को दुकानें आवंटित कर देने और अन्य व्यापारियों की समस्याओं को आगामी 15 अगस्त तक सुलझा लेने का लिखित आश्वासन देने के बाद धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया। आन्दोलित व्यापारियों के समर्थन में गुरूवार को मॉल के व्यापारियों ने दोपहर दो बजे तक अपने प्रतिष्ठान भी बंद रखे। इससे पूर्व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस टीम के साथ पहुंचे पंतनगर थानाध्यक्ष मनोज रतूड़ी के साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के साथ हल्की नोंक झोंक भी हुई। संजय का कहना था कि व्यापारी शांतिपूर्ण ढ़ंग से आन्दोलन कर रहे हैं। उनका विरोध सुपरटेक प्रबंधन से है न कि पुलिस से । पुलिस को मामला सुलझाने के लिए प्रबंधन से वार्ता करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पांच मंदिर के समीप के निवासी विनोद चावला ने मैट्रोपोलिस मॉल में दो दुकानों के लिए करीब 14 वर्ष पूर्व 17 लाख रूपये एडवांस जमा किया था। तब से मैट्रोपोलिस मॉल व सुपर टेक के अधिकारी लगातार आश्वासन देते आ रहे थे। इस संदर्भ में गत 5 जुलाई को उन्होंने मॉल के मार्केटिंग हेड सुशील कुमार व सुपर टेक के आईस चेयरमेन संजय अरोरा से फोन पर बातचीत भी की थी। इसके बाद गत 15 जुलाई को फिर वार्ता की गई। लेकिन श्री चावला को दुकानें आवंटित नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सुपर टेक प्रबंधन के अड़ियल रवैये को बर्दाशत नहीं किया जायेगा। यदि रूपये जमा कराने वाले व्यापारियों को लिखित वायदे के अनुसार दुकानें देने के साथ ही मॉल के व्यापारियों को परेशान करना बंद नहीं किया गया तो वह मैट्रांपोलिस मॉल गेट पर साथियों के साथ आमरण अनशन शुरू कर देंगे। किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाशत नहीं किया जायेगा। व्यापारियों ने मैट्रोपोलिस मॉल व सुपरटेक अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य गेट को बंद कर दिया था। बाद में सुपरटेक वाईस प्रेजीडेंट संजय अरोरा से वार्ता के बाद मॉल के मार्केटिंग हेड सुशील कुमार ने आगामी 31 जुलाई तक व्यापारी विनोद चावला को दुकानें आवंटित करने और अन्य व्यापारियों की समस्याओं को भी आगामी 15 अगस्त तक सुलझा लेने का लिखित आश्वासन दिया जिसके बाद व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। इस दौरान विनोद चावला, राजेश चावला, राजेश कामरा, मनीष गोस्वामी, मनोज छावड़ा, संदीप राव, हरविन्दर विर्क, साहब सिंह, मोन्टी खेड़ा, विशाल भुड्डी, संजीव बेदी, सन्नी कामरा, अरविन्द मामू, सोनी चावला, हरिन्दर पाल, सुरेन्द्र गंगवार, हरीश अरोरा, निखिल जुनेजा, विकास बठला, कर्मवीर सिह, जितेन्द्र गांधी, गौरव ग्रोवर आदि व्यापारी मौजूद थे।

**श्री गुरूनानक शिक्षा ..**2022 तक केवल 8 ही लोगों द्वारा सदस्य बनाये जाने हेतु आवेदन किया गया था। जबकि 22 सदस्यों द्वारा 6 मई 2022 के पश्चात अपना आवेदन किया गया। जिसे 13 मई 2022 की बैठक में स्वीकार करते हुये 8 सदस्यों के साथ इन 22 सदस्यों को भी सदस्यता दे दी गई। इसके साथ ही वादी पक्ष का कहना था कि इन 22 सदस्यों द्वारा स्वयं बैंक ड्राफ्रट न बनाते हुये अन्य लोगों से बनवाये गये थे इसलिये इन सभी 22 सदस्यों की सदस्यता को निरस्त किया जाये। सदस्यों की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता विपुल शर्मा द्वारा इस सम्बंध में बायलॉज से सम्बंधित सभी तथ्यों को रखते हुये वादी पक्ष की दलीलों को गलत बताया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के पश्चात माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सभी नये 30 सदस्यों की सदस्यता को नियमानुसार मानते हुये डिप्टी रजिस्ट्रार के निर्णय पर अपनी मोहर लगा दी। उच्च न्यायालय का यह निर्णय श्री गुरु नानक शिक्षा समिति के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि आगामी 11 अगस्त को श्री गुरु नानक शिक्षा समिति की कार्यकारिणी का चुनाव होना है जिसमें यह सदस्य बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। नए बनाए गए सदस्यों से एक गुट को आपत्ति थी क्योंकि यह सदस्य वर्तमान प्रबंधक गुरमीत सिंह के समर्थक माने जाते हैं और आगामी चुनाव में उनके पक्ष में ही मतदान करेंगे ऐसा दूसरे गुट को अंदेशा है। जिसके चलते इन नये सदस्यों की सदस्यता को लेकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया था लेकिन वहां उन्हें निराशा हाथ लगी।

**फैक्ट्र में कटर...**चपेट में आकर कोहनी के पास से कट गया। अचानक हुई इस घटना से फैक्ट्री में मौजूद अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में सूरज को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूरज भाई बहनों में सबसे छोटा है।

**गदरपुर की समस्याओं...**सिंह धामी ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का काम लगातार चल रहा है एवं गदरपुर दिनेशपुर मटकोटा मार्ग का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया क्योंकि इस सड़क की वित्तीय स्वीकृति के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजा जा चुका है और मानसून के बाद इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा एवं गदरपुर को पूर्ण परगने की मांग को लेकर भी विश्वास दिलाया कि जनहित को देखते हुए यह मांग भी जल्द पूरी की जाएगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम Lavnik (लवनिका) से बदलकर अब Lavnika Sethi (लवनिका सेठी) कर लिया है अत: अब से भविष्य में मुझे Lavnika Sethi (लवनिका सेठी) पुत्री योगेश सेठी (Yogesh Sethi) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

वर्तमान पता :- Lavnika Sethi D/o Yogesh Sethi ,G-48, Kingston Estate, Alliance Colony, Bhoora Rani, Rudrapur,Udham Singh Nagar,Uttarakhand

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड में 'ट्रैफिक रूल' तोड़ने वालों की अब 'खैर' नहीं

**सूबे में स्थापित किया जाएगा एआई आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम,देहरादून- हरिद्वार हाईवे के दोनों तरफ हर पांच किलोमीटर पर लगाए जाएंगे कैमरे एवं सेंसर, एनएचएआई ने केंद्र को भेजा 750 करोड का प्रस्ताव**

-अर्श-

हरिद्वार। राज्य में अब ट्रैफिक नियम तोड़कर यातायात बाधित करने एवं सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों का जीवन खतरे में डालने वालों की खैर नहीं, क्योंकि उत्तराखंड में दिनों दिन बढ़ रही वाहन दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित करने की कवायद आरंभ कर दी गई है। यदि केंद्र सरकार ने एनएचएआई द्वारा नेशनल हाईवे पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेषित 750 करोड रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी ,तो उत्तराखंड में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए शिकंजा करने की व्यवस्था की जाएगी। ज्ञात हो कि एनएचएआई ने नेशनल हाईवे पर सड़क सुरक्षा से जुड़े उपायों के लिए 750 करोड़ रुपये का एक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है, जिसमें एआई आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की योजना भी शामिल है। इसके तहत देहरादून के मोहकमपुर से हरिद्वार के दूधाधारी चौक तक 'एआई' आधारित सिस्टम के जरिये वाहन चालकों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इस सिस्टम का फायदा यह होगा कि ओवर स्पीड और गलत दिशा में आने-जाने वाले वाहनों के साथ बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वालों का पता आसानी से चल जाएगा। इससे ट्रैफिक व्यवस्था में तो सुधार होगा ही, साथ ही ट्रैफिक रूल तोड़ने पर चालान की कार्रवाई भी कारगर तरीके से अमल में लाई जा सकेगी। एनएचएआई के प्रस्ताव को केंद्र की हरी झंडी मिलने पर सर्वप्रथम देहरादून- हरिद्वार हाईवे पर



आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इस सिस्टम के अंतर्गत हर पांच किमी पर सेंसर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही, सड़क के दोनों तरफ कैमरे भी लगेंगे, जिनकी मदद से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की निगरानी और यातायात नियम भंग करने की दशा में चालान की कार्यवाही की जाएगी। एआई आधारित सिस्टम की मदद से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की पूरी जानकारी पुलिस को भेजी जाएगी। पुलिस वाहन नंबर के आधार पर चालान के प्रपत्र तैयार करेगी। इसका मैसेज सीधे वाहन मालिक के पास चला जाएगा और जब तक मालिक चालान का भुगतान नहीं करेगा, तब तक संबंधित वाहन ब्लैक लिस्ट रहेगा। केंद्र को उपरोक्त प्रस्ताव भेजने के पूर्व एनएचएआई ने इस हाईवे पर दिसंबर 2022 से जून 2023 तक की अवधि का सड़क सुरक्षा ऑडिट कराया था। इसमें पता चला कि इस हाईवे पर बीते तीन साल में सड़क हादसे काफी बढ़े हैं और इनमें 40 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं । इस ऑडिट के बाद ही एनएचएआई द्वारा नेशनल हाईवे पर सुरक्षा इंतजाम की उपरोक्त कवायद आरंभ की गई है ।

## युवक के पेट में अरविंद ने मारी थी दो गोली

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप में चार दिन पहले संदिग्ध अवस्था में गोली लगने से घायल युवक की हालत खतरे से बाहर है। वहीं अब इस गोलीकांड के मामले में नया मोड़ आ गया है। बताया जा रहा है कि उसके पेट में दो गोली मारी गई थी। पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। गोलीकांड की वजह प्रेस प्रसंग होने की बात सामने आ रही है। वार्ड सात आजादनगर निवासी



प्रताप ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 20 जुलाई की शाम उनका बेटा विशाल मंदिर के पास खड़ा था। तभी विशाल को मोहल्ले के रहने वाले अरविन्द ने अपने घर बुलाया था। अरविंद के साथ एक लड़का, अरविन्द की साली मुन्नी और एक बच्ची थी। उस दौरान सुमित नाम के लड़के ने विशाल को गोली लगने की बात बताई थी। विशाल की हालत गंभीर होने पर उसे बरेली में भर्ती किया गया। यहां आपरेशन के दौरान विशाल के पेट से एक गोली निकली थी जबकि एक गोली पेट से आरपार हो गई थी। विशाल ने उनको बताया कि अरविंद ने उसे गोली मारी है। पुलिस ने आरोपी अरविंद के खिलाफ केस दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार विवाद की वजह अरविंद की रिश्तेदारी में आने वाली एक युवती बताई जा रही है। नामजद आरोपी फरार चल रहा है। एसएचओ भारत सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। बरेली में भर्ती विकास की हालत खतरे से बाहर है।

## श्री देव सुमन के बलिदान पर रक्तदान शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद श्री देव सुमन के बलिदान दिवस की पुण्य स्मृति पर संपूर्ण उत्तराखंड में श्री विश्वनाथ जगदीश नाथ जगदीश शीला समिति द्वारा रक्तदान शिविर आज पुराना जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित किया गया। श्री विश्वनाथ जगदीशिला डोली यात्रा समिति के संयोजक मंत्री प्रसाद नैथानी के नेतृत्व में सभी जिलों में रक्त दान महादान आयोजन किया जा रहा है।इस दौरान समिति जिला संयोजक दिनेश चंद्र भट्ट , उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद के अध्यक्ष अवतार सिंह बिष्ट, श्रमजीवी पत्रकार और जिंदगी जिंदाबाद की टीम ने रक्तदान किया। तत्पश्चात समिति के बैनर तले वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया गया। श्री विश्वनाथ जगदीश शीला तीर्थंकर समिति के द्वारा रक्तदान शिविर के उपरांत जिंदगी



जिंदाबाद के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम जो कि पूरे उधम सिंह नगर में आयोजित किया जाएगा। आज इसका शुभारंभ किया गया।आज ब्लेड डोनेट करने वालों में दिनेश चंद्र भट्ट, विजय ढोंडियाल, राजेंद्र बलोदी, अवतार सिंह बिष्ट, कमलेंद्र सेमवाल, हरविंदर सिंह चुग, गीता भट्ट, राजीव चावला, करम जीत सिंह चानना आदि शामिल रहे।

## रूद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने शिव मंदिर परिसर में लगाये पौधे

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने आओ पौधे लगाए,धरा को हरा भरा बनाए अभियान के अंतर्गत एसएएस इंक्लेव में पौध ारोपण किया। फाउंडेशन रविवार को अपने 11 वें स्थापना दिवस पर पुराना जिला अस्पताल में पौधारोपण अभियान चलाने के साथ सराहनीय कार्य करने वाली अनेक सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित करेगा। वृहस्पतिवार को राइजिंग सदस्यों और एसएएस इंक्लेव के वाशिंदों ने मिलकर शिव मंदिर परिसर,पार्क में दर्जनोंआम,जामुन,अर्जुन आदि कई प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधे रोपे । राइजिंग अध्यक्ष विजय आहूजा ने कहा कि आज लगाए गए पौधे भविष्य में पेड़ बनाकर बेहतर पर्यावरण देने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने पेड़ पौधों को प्रकृति के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि हर व्यक्ति और प्रत्येक परिवार को पौधा



रोपण अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर अधिक से अधिक पौध लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करना चाहिए क्योंकि मानव विकास के नाम पर अंधाधुंध पेड़ काटे है नतीजतन प्राकृतिक अपन संतुलन खो चुकी है सइसके कुप्रभाव से जलवायु परिवर्तन का दंश हम मानव झेल रहे है ।इसका एकमात्र बचाव पौधारोपण ही है। इस अवसर पर मुनेंद्र कुमार, पी के मौर्य, गिरीश जोशी,सुनील आर्य,अवनीश राय, संजय ठुकराल,अजय कुमार सिंह,चंद्र कला राय,अनुपम सिंह,सुमन मिश्रा, मनन अग्रवाल, प्रियांश मित्तल, संजीव सिन्हा, दीपक सिंह,वीरेंद्र गुप्ता, शिव कमल दास,सुभाष शर्मा, पीपी त्रिपाठी, जीवेंद्र कुमार,विशाल कुमार, प्रियंका सिंह,संगीता त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

## कल्याणी और बैगुल नदी किनारे 600 अतिक्रमण चिन्हित किए

रुद्रपुर। कल्याणी और बैगुल नदी किनारे लगभग 600 अतिक्रमण स्थल चिह्नित किए जा चुके हैं। सभी अतिक्रमण पर लाल निशान लगाते हुए नगर निगम और सिंचाई विभाग ने जमीन खाली करने का नोटिस दिया गया है। अब नोटिस की मियाद पूरी होने वाली है। इधर कुछ लोगों ने स्वत: अतिक्रमण हटाना भी शुरू कर दिया है। नगर के अटरिया पुलिया से नदी के डाउनस्टीम, आवास विकास, बृहस्पति मंदिर और खेड़ा पुलिया तक नदी में जगह-जगह पक्के निर्माण कर अतिक्रमण किए गए थे। इसके विरुद्ध प्रशासन ने अभियान चलाकर अतिक्रमण को चिह्नित करना शुरू किया। इसमें लगभग 600



अतिक्रमण चिह्नित किए गए। जुलाई की शुरुआत में बाढ़ आने पर प्रशासन ने थोड़ा समय दिया था। उन्होंने नोटिस जारी कर स्वत: अतिक्रमण हटाने को कहा था। कुछ जगहों पर लोगों ने अपने अतिक्रमण को हटाना भी शुरू कर दिया है। उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने बताया कि लगभग सभी अतिक्रमण चिह्नित कर लिए गए हैं। कुछ लोगों ने स्वत: ही अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया है।

